Smith, Steven Harmon (1981). "Achievement and Long-Term Retention in Geometry using: Mastery Learning, Student Choice and Traditional Learning in the Elementary School". *Dissertation Abstract International* Feb.1982 Vol. 42 Number 8. p. 3423-A.

Snedecor, G.W. and W.G. Cochran (1968). *Statistical Techniques.* New Delhi: Oxford and IBH. p.419.

Sones, A.M., and J.B.Stroud (1940). "Review, with Special Reference to Temporal Position " in *Educational Psychology: The Teaching-Learning Process,* by A.J. Edwards and D.P.Scannell, 1975, p.307, New Delhi: Allied Publishers.

Spitzer, H.F.(1939). "Studies in Retention", in *Educational Psychology: The Teaching-Learning Process*, by A.J. Edwards and D.P.Scannell, 1975,p.307. New Delhi: Allied Publishers.

Stephens, J.M., and E.D.Evans (1977). *Development and Classroom Learning: An Introduction to Educational Psychology.* New Delhi: McMillan Co. p.311.

Swaminathan, H., R.K.Hambleton and J.Algina (1974). Reliability of Criterion-Referenced Tests: Decision Theoretical Formulation". *Journal of Educational Measurement*, 2(4).

Tuckman, B.W.(1972). *Conducting Educational Research.* New York: Harcort Bruce, J.Inc. p.37.

Tuckman,B.W.(1979). *Evaluation Instructional Programmes.* London: Allyn and Bacon, Inc.

Tyler, R.W.(1949). "Achievement Testing and Curriculum Construction", in *Psychology of Learning and Instruction: Educational Psychology*, by J.P.DeCecco and W.R. Crawford, 1977. pp.30-31. New Delhi: Prentice Hall of India.

Tyler, R.W.(1950). "The Functions of Measurement in Improving Instruction". in *Psychology of Learning and Instruction: Educational Psychology*, by J.P.DeCecco and W.R.Crawford, 1977, pp.30-31, New Delhi: Prentice Hall of India.

Tyler, R.W.(1964). "Some Persistent Questions on the Defining of Objectives", in the Psychology of Learning and Instruction : Educational Psychology by J.P.DeCecco and W.R. Crawford, 1977, pp. 30-31, New Delhi: Prentice Hall of India.

Vargas, J.S.(1972). Writing Worthwhile Behavioural Objectives. New York: Harper and Row, p.30.

Walmsley, S.A. (1977). "Some Persistent Problems with Objectives and Objective-Item Congruence in Criterion-Referenced Tests". Improving Human Performance Quarterly. No. 6,4, New York: Albany . pp.157-164.

Walsh, Robert Graham.Sr., (1975),"The Keller Plan in College Introductory Physical Geology: A Comparison with the Conventional Teaching Method". Dissertation Abstract International, Jan 1977 Vol. 37. Number 7.p. 4257-A.

Wedman, I. (1973). "Theoretical Problems in Construction of Criterion Tests". Educational Reports Umea , No. 4, Umea: University and Umea School of Education.

Wentling, T.L.(1973). "Mastery Versus Non-mastery Instruction with Varying Test Item Feedback Treatments". Journal of Educational Psychology, 65. pp. 50-58.

Wick, John W. (1973). Educational Measurement, Ohio : Charles E. Merrill , pp.17-25.

APPENDICES

APPENDIX A-1

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 1

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

ईकाई -1

1. भूमिका:

आपने पिछले अध्यायों में यान्त्रिकी के बारे में पढ़ा। जैसा आप सभी जानते हैं कि सभी द्रव्य छोटे छोटे अणुओं से बने होते हैं चाहे वे ठोस हों, द्रव हों या गैस। ये सभी अणु सदैव गति में रहते हैं। सर्दियों में जब हमें ठण्ड लगती है तो हम धूप में या जलती हुई अंगीठी के पास बैठते हैं और थोड़ी देर में हम अपने आप को गर्म महसूस करते हैं। इससे स्पष्ट है कि कोई चीज सूर्य की किरणों से या आग से हमारे शरीर में गई जिसने ठण्ड दूर कर दी। जब हम किसी वस्तु को छूते हैं तो वह हमें गर्म लगती है या ठण्डी। वस्तुएं छूने पर गर्म या ठण्डी किस शक्ति के कारण लगती हैं? इस ईकाई में हम उस शक्ति के बारे में पढ़ेंगे जिससे हमारे शरीर की ठण्ड दूर हो जाती है तथा वस्तुएं छूने पर गर्म या ठण्डी लगती हैं।

2. उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात् आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे:-

1. ऊष्मा की परिभाषा लिखेंगे।
2. ऊष्मा के भिन्न भिन्न स्त्रोतों के नाम लिखेंगे तथा उनका वर्णन करेंगे।
3. ऊष्मा के प्रभाव लिखेंगे तथा उनका वर्णन करेंगे।
4. तापमान की परिभाषा लिखेंगे।
5. प्रयोग देकर व्याख्या करेंगे कि तापमान पानी की सतह के अनुरूप है।

3. उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी पुस्तक "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 102 से 105 तक पढ़िए। हो सकता है आपको इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में कुछ कठिनाई

आए। इसलिए इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपकी सहायता के लिए पृष्ठ 102 से 105 तक के अतिरिक्त कुछ और सामग्री दी जा रही है। यह पाठ्य सामग्री सभी तथ्यों को समझने तथा उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4• प्रस्तावित पाठ्य सामग्री

4•1 ऊष्मा:

एक बीकर में थोड़ा सा पानी लो। इसे गर्म करना शुरू करो। थोड़े थोड़े समय बादअपनी अंगुलियां पानी में डुबोइए। आपको यह लगेगा कि पानी गर्म हो रहा है। कुछ समय बाद यह बहुत ही गर्म हो जाएगा और आप अपनी अंगुलियां इसमें नहीं डुबो सकते हैं। कुछ समय बाद यह उबलना शुरू हो जाता है और भाप बनने लग पड़ती है। अन्त में सारा पानी भाप के रूप में अदृश्य हो जाता है। यह सारा परिवर्तन किस कारण हुआ? स्पष्ट है कि कोई वस्तु पानी में गई जिसने कि इसे गर्म कर दिया और फिर भाप में बदल दिया। इसी वस्तु को ऊष्मा कहते हैं।

प्राचीन समय में ऊष्मा को एक द्रव्य माना जाता था जिसका भार नहीं है तथा अविनाशी है। इसे कैलोरिक कहते थे। कैलोरिक सिद्धान्त के अनुसार बर्फ आदि ठण्डी वस्तुओं में कैलोरिक की कोई सम्भावना नहीं है। परन्तु 1799 ईसवी में डवी महोदय ने दो बर्फ के टुकड़ों को आपस में रगड़ कर गर्मी पैदा की व कैलोरिक सिद्धान्त को गल्त सिद्ध कर दिया।

आप जानते हैं कि जब हम किसी गर्म वस्तु को छूते हैं तो वह हमें गर्म लगती है। जिसका अर्थ है कि गर्म वस्तु की ओर से कोई चीज हमारे शरीर की ओर आई जिससे हमें गर्मी लगी। इसी प्रकार जब हम बर्फ को छूते हैं तो हमें ठण्ड लगती है। इसका यह अर्थ है कि हमारे शरीर से कोई वस्तु बर्फ की ओर गई जिससे कि हमें ठण्ड का अनुभव हुआ। इसी वस्तु को ऊष्मा कहते हैं।

दूसरे शब्दों में ऊष्मा एक प्रकार का भौतिक साधन है जिससे हमें गर्मी या ठण्डक का अनुभव होता है।

आधुनिक खोज ने अब यह सिद्ध किया है कि ऊष्मा एक प्रकार की शक्ति है न कि द्रव्य। जब किसी कार्य आदि से अणुओं की चाल बढ़ जाती है तो गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है और परिणाम स्वरूप ऊष्मा उत्पन्न होती है। पैसे को फर्श पर रगड़ने से उसके अणुओं की गति बढ़ जाती है और सिक्का गर्म हो जाता है। इसलिए अणु सिद्धान्त के अनुसार हम यह कह सकते हैं कि ऊष्मा एक प्रकार की शक्ति है जो अणुओं की गति द्वारा उत्पन्न होती है।

4·2 ऊष्मा के स्त्रोत

वे पदार्थ जो हमें ऊष्मा दें, ऊष्मा के स्त्रोत कहलाते हैं। यह स्त्रोत निम्नलिखित हैं:-

1· सूर्य :

सूर्य ऊष्मा का सबसे बड़ा तथा प्राकृतिक स्त्रोत है। सूर्य की धूप हमें ऊष्मा देती है जिसके कारण सर्दियों में धूप में बैठने से ठण्ड दूर होती है। पशु व पौधे इसी धूप पर निर्भर हैं। इसी धूप के कारण पौधे बढ़ते, फूलते और फलते हैं। सूर्य की ऊष्मा के कारण ही वर्षा बरसती है व हवाएं चलती हैं। इन्हीं कारणों से हम सूर्य को देवता मानते हैं व उसकी पूजा करते हैं।

2· ईंधन :

वे पदार्थ जो हवा की आक्सीजन के साथ मिलकर ऊष्मा उत्पन्न करें ईंधन कहलाते हैं। लकड़ी, कोयला, तेल व गैस आदि विभिन्न प्रकार के ईंधन हैं जो कि आक्सीजन की उपस्थिति में जलकर ऊष्मा उत्पन्न करते हैं।

3· विद्युत :

वे तारें जो विद्युत धारा के प्रवाह में रोध उत्पन्न करें, विद्युत धारा गुजारने पर गर्म हो जाती है व ऊष्मा देती हैं। इसी सिद्धान्त पर हीटर, स्टोव, इस्त्री व केतली आदि बनाए जाते हैं।-

4. घर्षण :

घर्षण या यान्त्रिक कार्य द्वारा भी ऊष्मा उत्पन्न होती है। सर्दियों में हाथ रगड़ने से गर्म हो जाते हैं। जब लोहे के हथौड़े के साथ लोहे के टुकड़े को पीटा जाता है तो हथौड़ा तथा लोहे का टुकड़ा दोनों गर्म हो जाते हैं। इसी प्रकार जब दियासलाई को उसके बक्से पर रगड़ते हैं तो घर्षण से ऊष्मा उत्पन्न होती है जो दियासलाई को जला देती है।

5. दशा परिवर्तन:

जब द्रव्य को एक अवस्था से दूसरी अवस्था में परिवर्तित किया जाता है तो ऊष्मा उत्पन्न होती है।

उदाहरणार्थ -- बर्फ बनाते समय जब अमोनिया गैस को द्रव में परिवर्तित किया जाता है तो ऊष्मा उत्पन्न होती है जो वहाँ ठण्डे पानी को गर्म कर देती है।

6. रासायनिक क्रिया:

जब दो या अधिक पदार्थों को आपस में मिलाने से रासायनिक क्रिया हो तो ऊष्मा उत्पन्न होती है।

उदाहरणार्थ-- चूने पर पानी डालने से रासायनिक क्रिया होती है। चूना कैलसियम हाइड्रोआक्साइड में परिवर्तित हो जाता है और इतनी गर्मी निकलती है कि पानी उबलने लग पड़ता है। जब हम भोजन खाते हैं तो हमारे पेट में भोजन तथा रसों के मिलने से रासायनिक क्रिया होती है तथा ऊष्मा उत्पन्न होती है। फेफड़ों द्वारा शरीर के अन्दर पहुंची आक्सीजन भोजन का आक्सीकरण करती है और ऊष्मा पैदा होती है। इसी ऊष्मा के कारण हमारा शरीर गर्म रहता है।

7. पृथ्वी का भीतरी भाग:

वैज्ञानिकों के मत के अनुसार कभी पृथ्वी भी सूर्य का एक भाग थी परन्तु जब यह सूर्य से अलग हो गई तो इसका ऊपर का भाग तो ठण्डा हो गया पर इसके बीच अभी भी बहुत गर्मी है। यह गर्मी ज्वालामुखी तथा गर्म पानी के

चश्मों इत्यादि द्वारा प्रकट होती हैं। हिमाचल प्रदेश में शिमला तथा कुल्लु आदि की घाटियों में गर्म पानी के चश्मे पृथ्वी के भीतरी भाग की गर्मी के कारण ही पाए जाते हैं।

8. परमाणु विच्छेदन:

कुछ तत्वों के परमाणुओं का विच्छेदन करने से बहुत ऊष्मा उत्पन्न होती है। इसी कारण परमाणु बम तथा हाइड्रोजन बम बनाए जाते हैं।

4.3 ऊष्मा के प्रभाव

ऊष्मा के प्रभाव निम्नलिखित हैं:

1. तापमान में वृद्धि:

जब किसी वस्तु को गर्म किया जाता है तो उसका तापमान बढ़ जाता है। उदाहरणार्थ-- जब पानी को गर्म किया जाता है तो वह धीरे धीरे गर्म होना शुरू हो जाता है और अन्त में उबलने लग पड़ता है। यह सब तापमान की वृद्धि ऊष्मा के कारण होती है।

2. अवस्था परिवर्तन:

जब एक ठोस को गर्म किया जाता है तो वह द्रव में बदल जाता है और जब द्रव को गर्म करते हैं तो वह गैस में परिवर्तित हो जाता है। जब बर्फ (ठोस) को गर्म किया जाता है तो वह पानी (द्रव) में बदल जाती है और जब पानी को गर्म किया जाता है तो बाष्प बन जाते हैं जो गैसीय अवस्था है। इससे यह स्पष्ट है कि ऊष्मा के प्रभाव से अवस्था परिवर्तन होता है।

3. आयतन में परिवर्तन:

जब किसी वस्तु को गर्म किया जाता है तो उसके आयतन में परिवर्तन होता है। ठोसों, द्रवों और गैसों को जब एक ही तापमान पर गर्म करते हैं तो गैस द्रवों से अधिक प्रसारित होती है और द्रव ठोसों से अधिक फैलते हैं। इसका अभिप्राय है कि ऊष्मा से वस्तुओं के आयतन में परिवर्तन होता है

4• भौतिक गुणों में परिवर्तन:

ऊष्मा के प्रभाव के कारण वस्तुओं के भौतिक गुणों में परिवर्तन आ जाता है। जब नीले थोथे को गर्म किया जाता है तो वह सफेद हो जाता है। कलई गर्म करने से भंगुर हो जाती है।

5• रासायनिक परिवर्तन:

कई पदार्थों को ऊष्मा मिलने से उनमें रासायनिक परिवर्तन हो जाता है। मैग्नीशियम की तार को हवा में रखने से कुछ नहीं होता परन्तु गर्म करने पर यह बहुल चमक के साथ जलती है और इसका आक्साइड बन जाता है। लोहचूर्ण तथा गन्धक को मिलाने से कोई क्रिया नहीं होती परन्तु जब इनको गर्म किया जाता है तो काले रंग का एक नया पदार्थ आयरन सल्फाइड बन जाता है।

6• प्रकाश उत्पन्न होना:

कुछ वस्तुओं को गर्म करने से उनमें से प्रकाश उत्पन्न होता है। जब प्लाटीनम की तार को गर्म किया जाता है तो वह पहले लाल हो जाती है फिर सफेद होकर प्रकाश देने लगती है।

7• ध्वनि उत्पन्न होना:

कई पदार्थ गर्म करने पर ध्वनि उत्पन्न करते हैं। जब नमक के टुकड़ों को परखनली में गर्म किया जाता है तो कड़कड़ की ध्वनि उत्पन्न होती है।

8• यान्त्रिक कार्य:

ऊष्मा के प्रभाव के कारण यान्त्रिक कार्य भी होता है। ऊष्मा के कारण ही पानी की भाप बनाकर रेल इंजन चलाए जाते हैं।

4•4 तापमान:

ऊष्मा एक प्रकार की शक्ति है जो हम में ऊष्णता की चेतना उत्पन्न करती है। जब हम गर्म पानी में हाथ डालते हैं तो हमें गर्मी का अनुभव तथा बर्फ को छूने से ठण्ड का अनुभव होता है। किसी वस्तु में कितनी गर्मी या ठण्डक है के माप को तापमान कहते हैं।

4•5 तापमान पानी की सतह के अनुरूप है:

जब हम दो वर्तनों को जिनमें पानी डाला हुआ है व एक को ऊंचाई पर तथा दूसरे को निचाई पर रखा हुआ को एक नली द्वारा जोड़ते हैं। (जैसे कि चित्र में दिखाया गया है) तो निम्नलिखित क्रियाएं होती है:-



1• पानी ऊंची सतह से नीची सतह की ओर बहता है।

2• ऊंची सतह से जितना पानी आता है वह उस पानी के समान होता है जो नीची सतह पर आता है।

3• यह जरूरी नहीं कि ऊंची सतह पर रखे हुए वर्तन में पानी की मात्रा नीची सतह पर रखे हुए बर्तन में पानी की मात्रा से अधिक हो ।

4• यह जरूरी नहीं कि ऊंची सतह पर रखे हुए बर्तन की सतह में जितनी कमी होती है वह नीची सतह पर रखे हुए बर्तन में आए हुए पानी की सतह के बराबर हो।

5• पानी ऊंची सतह के बर्तन से नीची सतह के बर्तन तक तब तक बहता रहता है जब तक कि उस की सतह दोनों वर्तनों में बराबर नहीं हो जाती।

इसी प्रकार जब दो वस्तुएं एक अधिक तापमान वाली तथा दूसरी कम तापमान वाली एक दूसरे के साथ रखी जाती हैं तो निम्नलिखित क्रियाएं होती हैं:-

1. ऊष्मा ऊंचे तापमान वाली वस्तु से कम तापमान वाली वस्तु की ओर चलती है।
2. जितनी ऊष्मा ऊंचे तापमान वाली वस्तु से आती है वह उस ऊष्मा के बराबर होती है जो थोड़े तापमान वाली वस्तु में आती है।
3. यह जरूरी नहीं कि ऊंचे तापमान वाली वस्तु में ऊष्मा की मात्रा नीचे तापमान वाली वस्तु में ऊष्मा की मात्रा से अधिक हो।
4. यह भी जरूरी नहीं है कि जितना तापमान ऊंचे तापमान वाली वस्तु का गिरा हो वह उस चढ़े हुए तापमान के बराबर हो जो कम तापमान वाली वस्तु ने ग्रहण किया।
5. ऊंचे तापमान की वस्तु से ऊष्मा थोड़े तापमान की वस्तु में तब तक चलती रहती है जब तक दोनों वस्तुओं के तापमान बराबर न हो जाएं।

पानी की सतह तथा तापमान की एक जैसी क्रियाएं होने से यह स्पष्ट है कि तापमान पानी की सतह के अनुरूप है।

5. आत्म मूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 102 से 105 तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में दिए गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म- मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए और उनके उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित सामग्री को पुस्तक तथा प्रतावित पाठ्न सामग्री से अपने ट्यूटर की सहायता से पढ़िए ।

प्र0-1 ऊष्मा की परिभाषा लिखिए।

प्र0-2 ऊष्मा के स्त्रोत कौन से है- व्याख्या कीजिए।

प्र0-3 ऊष्मा के प्रभाव लिखिए।

प्र0-4 तापमान की परिभाषा लिखिए।

प्र0-5 व्याख्या कीजिए कि तापमान पानी की सतह के अनुरूप है।

APPENDIX A-2

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 2

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

इकाई-2

1• भूमिका:

आपने पिछली इकाई में पढ़ा कि ऊष्मा तथा तापमान क्या हैं। ऊष्मा के भिन्न भिन्न स्त्रोत तथा उसके प्रभाव पढ़े। जैसा कि आपके पिछली इकाई में पढ़ा था ऊष्मा एक भौतिक साधन है जिससे हमें गर्मी या ठण्डक का अनुभव होता है और इस गर्मी या ठण्डक के माप को तापमान कहते हैं। किसी वस्तु में ऊष्मा या तापमान एक ही चीज है या अलग अलग हैं व किसी वस्तु में कितनी गर्मी या ठण्डक है यह हम कैसे देख सकते हैं? इस गर्मी या ठण्डक के माप को देखने के लिए प्रयोग किए गए यन्त्र कितने प्रकार के हैं तथा उन यन्त्रों में किन द्रवों का प्रयोग किया जाता है और किन का नहीं? इस इकाई में हम इसके बारे में अध्ययन करेंगे।

2• उद्देश्य:

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे।

1• ऊष्मा तथा तापमान में कम से कम पाँच अन्तर लिख सकोगे।
2• किसी वस्तु के तापमान को मापने के लिए प्रयोग किए गए यन्त्र का नाम लिख सकोगे।
3• थर्मामीटर के भिन्न भिन्न प्रकार लिख सकोगे।
4• थर्मामीटर जिस सिद्धान्त पर बनाए जाते हैं, उसे लिख सकोगे।
5• पारे को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के कारण लिख सकोगे।
6• पारे को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के कारण लिख सकोगे।
7• पानी को थर्मामीटरों में प्रयोग न करने के कारण लिख सकोगे।
8• एल्कोहल को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के कारण लिख सकोगे।

3• उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 106 व 107 पढ़िए।

हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए आपको पृष्ठ 106 व 107 के अतिरिक्त कुछ और पाठ्न सामग्री दी जा रही है। यह पाठ्न सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4. प्रस्तावित पाठ्न सामग्री

4.1 ऊष्मा तथा तापमान में अन्तर

ऊष्मा तथा तापमान में निम्नलिखित अन्तर है:-

ऊष्मा	तापमान
1. यह एक भौतिक साधन है जिसके द्वारा हमें गर्मी या ठण्डक का अनुभव होता है।	1. यह किसी वस्तु के गर्मपन या ठण्डेपन की मात्रा है।
2. यह शक्ति या ऊर्जा का रूप है।	2. यह किसी वस्तु में ऊष्मा की गति की अवस्था बताता है।
3. इसको कैलोरी में मापते हैं।	3. इसको अशों में मापते हैं जैसे-सैंटीग्रेड, फारेनहाइट, रयूमर आदि ।
4. यह वस्तु की संहति, तापमान तथा प्रकृति पर निर्भर है।	4. यह वस्तु की संहति, तापमान तथा प्रकृति पर निर्भर नहीं है।
5. इसके द्वारा तापमान बदलता है।	5. यह ऊष्मा का प्रभाव है।

4.2 वस्तु का तापमान देखने के लिए यन्त्र

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि तापमान किसी वस्तु के गर्मपन या ठण्डेपन की मात्रा है। साधारणतः किसी वस्तु के गर्मपन या ठण्डेपन की मात्रा का पता इसको छूकर लगाया जा सकता है पर हम अपनी स्पर्शेन्द्रिय पर पूर्णतया विश्वास नहीं कर सकते क्योंकि कई बार यह वस्तु के तापमान का पूर्ण ज्ञान नहीं देती है। इसे हम निम्नलिखित प्रयोग से देख सकते हैं।

प्रयोग: तीन बीकर "क", "ख", तथा "ग" लो। बीकर क में गर्म पानी, बीकर ख में गुनगुना पानी तथा बीकर ग में ठण्डा पानी डालो। अपने बाएं हाथ की अंगुली बीकर क में तथा दाएं हाथ की एक अंगुली बीकर ग में

डालिए। कुछ समय वाद दोनों अंगुलियों को वीकर ख में डालिए।



अव आप देखेंगी कि वाएं हाथ की अंगुली को (जो पहले वीकर क में थी) गुनगुना पानी ठण्डा लगता है और दाएं हाथ की अंगुली को (जो पहले वीकर ग में थी) गुनगुना पानी गर्म लगता है। एक ही वीकर में पानी एक ही समय में गर्म तथा ठण्डा कैसे हो सकता है?

इस प्रयोग से स्पष्ट है कि स्पर्श से किसी वस्तु के ठीक ठीक तापमान का पता नहीं लग सकता है। जव हम कमरे में वैठे हों तो हमें ठण्ड का अनुभव हो सकता है परन्तु जव कोई आदमी वाहर से ठण्डी हवा से आए, उसे कमरे में गर्मी अनुभव होगी।

उपरलिखित उदाहरणों से स्पष्ट है कि किसी वस्तु का सही सही तापमान जानने के लिए हम स्पर्शेन्द्रिय पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए किसी वस्तु का सही सही तापमान जानने के लिए हम एक प्रकार के यन्त्र का प्रयोग करते हैं जिसे थर्मामीटर कहते हैं। दूसरे शब्दों में थर्मामीटर एक ऐसा यन्त्र है जिसे द्वारा वस्तुओं का तापमान मापा जाता है। विज्ञान की वह शाखा जिसके द्वारा वस्तु का तापमान मापा जाता है तापमिति कहलाती है।

4·3 थर्मामीटरों के प्रकार

थर्मामीटर कई प्रकार के हैं। परन्तु जो अधिक प्रचलित हैं, निम्नलिखित प्रकार के हैं:-

1· पारा थर्मामीटर
2· एल्कोहल थर्मामीटर

3• डाक्टरी थर्मामीटर
4• विद्युत थर्मामीटर

उपरलिखित थर्मामीटरों में सबसे उपयोगी तथा प्रचलित थर्मामीटर पारे का थर्मामीटर है।

4•4 थर्मामीटर का सिद्धान्त:

हमने यह देखा कि जब किसी वस्तु को गर्म किया जाता है तो तापमान बढ़ जाता है। जब वस्तु का तापमान बढ़ता है तो उसका आयतन भी बढ़ जाता है। जब एक पतीली में पानी गर्म करते हैं तो जैसे तापमान बढ़ता जाता है पानी पतीली के किनारों तक आने लग पड़ता है यानि सारी पतीली में पानी हो जाता है। ये जो आयतन में वृद्धि होती है यह तापमान की वृद्धि पर आश्रित है। जितना ज्यादा तापमान बढ़ेगा उतना ही ज्यादा आयतन बढ़ेगा। इसी सिद्धान्त को थर्मामीटर बनाने में प्रयोग करते हैं। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि "द्रव गर्म करने पर फैलते हैं" के सिद्धान्त पर थर्मामीटर बनाए जाते हैं।

4•5 पारे को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के कारण:

पारे का सर्वाधिक थर्मामीटरों में प्रयोग किया जाता है। यह इसके निम्नलिखित गुणों के कारण होता है:-

1• यह आसानी से शुद्ध अवस्था में मिल जाता है।

2• अपारदर्शक तथा चमकीला होने के कारण इसका तल आसानी से नली में पढ़ा जा सकता है।

3• यह काँच की नली की दिवारों को गीला नहीं करता है।

4• यह ऊष्मा का बहुत अच्छा सुचालक है।

5• यह थोड़ी सी ऊष्मा लेकर शीघ्रता से फैल जाता है।

6• इसका प्रसार सामान्य तथा एक समान है।

7• इसका हिमांक $-39^{0}C$ तथा क्वथनांक $357^{0}C$ है इसलिए इसका प्रयोग करने से हम $-39^{0}C$ से $357^{0}C$ के बीच तापमान देख सकते हैं।

4.6 पानी को थर्मामीटरों में प्रयोग न करने के कारण:

पानी, जो सभी जगह आसानी से मिल जाता है, को हम थर्मामीटरों में प्रयोग नहीं कर सकते हैं। यह निम्नलिखित के कारण है:-

1. पारदर्शक होने के कारण इसका तल नली में आसानी से नहीं पढ़ा जा सकता है।
2. इसका प्रसार एक समान नहीं है।
3. यह नली की दिवारों के साथ चिपक जाता है तथा उन्हें गीला कर देता है।
4. विशिष्ट ऊष्मा अधिक होने के कारण यह थोड़ी सी ऊष्मा से नहीं फैलता है।
5. यह $0^{0}C$ पर जम जाता है तथा $100^{0}C$ पर उबलने लग पड़ता है इसलिए हम बहुत की कम परास के बीच यानि $0^{0}C$ से $100^{0}C$ तक तापमान देख सकते हैं।

4.7 एल्कोहल को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के कारण:

एल्कोहल के निम्नलिखित गुणों के कारण इसका थर्मामीटरों में प्रयोग किया जाता है:-

1. यह $-112^{0}C$ पर जमता है इसलिए $-39^{0}C$ से कम तापमान देखने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।
2. एल्कोहल का संचार पारे की आपेक्षा अधिक है, यह अधिक सुग्राही है।
3. यह एक पतला द्रव है तथा केशिका नली में आसानी से ऊपर नीचे जा सकता है।
4. इसका आयतन बढ़ाने के लिए पारे की आपेक्षा बहुत ही कम ऊष्मा की जरूरत होती है।

एल्कोहल थर्मामीटर से हम $78^{0}C$ से ऊपर तापमान नहीं देख सकते हैं क्योंकि यह $78^{0}C$ पर उबलने लग पड़ता है।

5. आत्म मूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 106 व 107 तथा प्रस्तावित पाठन

सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में लिखे गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए तथा उत्तर दीजिए। अगर लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित सामग्री को पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री से अपने ट्यूटर की सहायता से पढ़िए।

प्र0-1 ऊष्मा तथा तापमान में कम से कम पांच अन्तर लिखिए।

प्र0-2 वस्तु का तापमान देखने के लिए किस यन्त्र का प्रयोग करते हैं?

प्र0-3 थर्मामीटर के प्रकारों के नाम लिखिए।

प्र0-4 थर्मामीटर किस सिद्धान्त पर बनाए जाते हैं।

प्र0-5 पारे को थर्मामीटरों में क्यों प्रयोग करते हैं?

प्र0-6 पानी को थर्मामीटरों में क्यों प्रयोग नहीं करते हैं?

प्र0-7 एल्कोहल को थर्मामीटरों में प्रयोग करने के लिए कारण लिखो।

APPENDIX A-3

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 3

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

ईकाई 3

1• भूमिका

आपने पिछली ईकाई में पढ़ा कि ऊष्मा तथा तापमान में क्या अन्तर है। तापमान, जो कि किसी वस्तु के गर्मपन या ठण्डक का माप है, को देखने के लिए हम थर्मामीटर का प्रयोग करते हैं। पारा अधिकतर थर्मामीटरों में प्रयोग किया जाता है। इससे हम बहुत ऊंचा तापमान यानि 357°C तक देख सकते हैं। यह -39°C पर जम जाता है इससे नीचे का तापमान देखने के लिए एल्कोहल का प्रयोग करते हैं। पानी का थर्मामीटरों में प्रयोग इसलिए नहीं किया जा सकता क्योंकि यह 0°C पर जम जाता है तथा 100°C पर उबलने लग पड़ता है। आपने देखा होगा कि जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है तो डाक्टर लोग रोगी के मुंह में थर्मामीटर लगाते हैं। वायु का तापमान दिन में अधिक तथा रात को कम हो जाता है। इस ईकाई में हम उन थर्मामीटरों के बारे में पढ़ेंगे जिनका प्रयोग रोगियों का तापमान तथा वायु एक ही समय में महत्तम व न्यूनतम तापमान देखने के लिए किया जाता है।

2• उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे:-

1• डाक्टरी थर्मामीटर की परिभाषा लिख सकेंगे।

2• डाक्टरी थर्मामीटर की बनावट का चित्र सहित वर्णन लिख सकोगे।

3• डाक्टरी थर्मामीटर की कार्य प्रणाली का वर्णन कर सकोगे।

4• डाक्टरी थर्मामीटर का प्रयोग करते समय जो सावधानियां बरतनी चाहिए उनका वर्णन लिख सकोगे।

5• सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर की बनाबट का चित्र सहित वर्णन लिख सकोगे।

6• सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर की कार्य प्रणाली का वर्णन कर सकोगे।

7. सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर का उपयोग लिख सकोगे।

3. उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग :

ऊपरलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 107 से 109 तक पढ़िए। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ और सामग्री प्रस्तावित पाठ्न सामग्री के रूप में दी जा रही है। यह सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4. प्रस्तावित पाठ्न सामग्री:

4.1 डाक्टरी या क्लीनीकल थर्मामीटर:

डाक्टर लोग रोगी का तापमान देखने के लिए जिस थर्मामीटर का प्रयोग करते हैं उसे डाक्टरी थर्मामीटर या क्लीनीकल थर्मामीटर कहते हैं। यह फार्नहाइट या सैंटीग्रेड के पैमाने पर आधारित होता है।

4.2 बनावट

यह काच की बहुत बारीक छिद्र वाली नली का बना होता है। यह छिद्र ऊपर से नीचे तक एक समान होता है। इसका एक सिरा बन्द होता है तथा दूसरे सिरे पर एक बेलनाकार बल्ब लगा होता है। बल्ब में पारा भरा हुआ होता है। बल्ब के थोड़ा ऊपर नली में मोड़ डाला होता है जिससे कि पारा गर्मी से फैल कर --



डाक्टरी थर्मामीटर

गुजर जाता है। परन्तु जब ठण्ड से पारा बल्ब में सिकुड़ता है तो मोड़ पर मरकरी थ्रेड टूट जाता है। इससे पारा नली में जहाँ था वहीं पर रहता है तथा तापमान नोट किया जा सकता है। इस पर $95^{0}F$ से $110^{0}F$ या $35^{0}C$ से $43^{0}C$ तक चिन्ह लगे होते हैं तथा प्रत्येक अंश 5 छोटे भागों में बंटा होता है। इस प्रकार $0{\cdot}2^{0}$ तक तापमान मापा जा सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति का तापमान $98{\cdot}4^{0}F$ या $36{\cdot}9^{0}C$ होता है। किसी व्यक्ति का तापमान $95^{0}F$ या $35^{0}C$ से कम तथा $110^{0}F$ या $43^{0}C$ से अधिक हो जाए तो उसकी मृत्यु हो जाती है। अगर मनुष्य का तापमान $98{\cdot}4^{0}{}_{F}$ या $36{\cdot}9^{0}{}_{C}$ से कम हो तो मनुष्य को कमजोरी होती है तथा यदि $98{\cdot}4^{0}{}_{F}$ या $36{\cdot}9^{0}{}_{C}$ से अधिक हो तो बुखार होता है।

4·3 कार्यप्रणाली:

जब किसी व्यक्ति का तापमान देखना हो तो थर्मामीटर को ताजे पानी से धोकर झटका दिया जाता है ताकि पारा $95^{0}{}_{F}$ या $35^{0}C$ तक उतर जाए। पारे को नीचे उतारने के बाद थर्मामीटर के बल्ब को रोगी की जीभ के नीचे रखा जाता है। बच्चों व पागलों का तापमान देखने के लिए थर्मामीटर को बगल के नीचे रखा जाता है। इस अवस्था में तापमान सही नहीं होता है तथा लगभग 1^{0} कम हो जाता है। थर्मामीटर के बल्ब को थर्मामीटर पर लिखे हुए समय तक जीभ या बगल के नीचे रख कर तापमान नोट किया जाता है।

4·4 सावधानियां:

डाक्टरी थर्मामीटर का प्रयोग करने के लिए निम्नलिखित सावधानियां अवश्य बरतनी चाहिए:-

1· इसका प्रयोग करने से पहले इसे ताजे पानी से धोना चाहिए।

2· थर्मामीटर को लगाने से पहले झटका देकर पारा $95^{0}F$ या $35^{0}C$ तक अवश्य उतारना चाहिए।

3· थर्मामीटर को न ही धूप में रखना चाहिए और न ही गर्म पानी से धोना चाहिए।

4• थर्मामीटर को उस पर लिखे हुए समय तक अवश्य लगाना चाहिए।

5• थर्मामीटर को लगाने के पश्चात् उसे ताजे पानी से धोकर उसके खोल में रखना चाहिए।

6• थर्मामीटर को सीधा रख कर पढ़ना चाहिए।

4•5 सिक्स का महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर:

किसी निश्चित समय में वायु का उच्चतम तथा न्यूनतम तापमान देखने के लिए सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर का प्रयोग करते हैं।

बनावट:

इसमें एक शीशे की नली U की शक्ल की होती है। इस नली के एक सिरे पर बेलन के आकार का एक बल्ब A तथा दूसरे सिरे पर एक गोल बल्ब B होता है। नली में C से D तक पारा भरा होता है। शेष सारी नली में और B बल्ब के कुछ भाग को छोड़ कर एल्कोहल भरा होता है। नली में इस्पात (स्टील) के दो निर्देशक I_1 तथा I_2 लगे होते हैं। इन निर्देशकों में इस्पात की कमानियां लगी होती हैं। निर्देशक पारे के धकेलने से ऊपर चढ़ते हैं परन्तु कमानियां इन्हें नीचे नहीं उतरने देतीं हैं। वायु का अधिकतम तापमान दाईं नली से तथा न्यूनतम तापमान बाईं नली से पढ़ा जाता है। दाईं नली पर चिन्ह नीचे से



संकेतक

सिक्स का महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर

ऊपर को तथा बाईं नली पर ऊपर से नीचे की ओर लगाए जाते हैं।

4.6 कार्यप्रणाली:

थर्मामीटर को कमरे में दिवार के साथ लटका दिया जाता है। सबसे पहले निर्देशकों को अश्वनाल चुम्बक की सहायता से पारे के तल पर लाया जाता है। जब तापमान बढ़ता है तो बड़े बल्ब की एल्कोहल गर्म होकर फैलती है। यह पारे को दाईं नली में धकेल देती है। पारे का तल बाईं ओर से नीचे गिरता है और दाईं ओर से ऊपर चढ़ता है व संकेतक I_2 को ऊपर धकेलता है। जबतापमान घटने लगता है तो पारा नीचे आने लगता है परन्तु संकेतक I_2 वहीं पर रहता है। I_2 के निचले सिरे को पढ़ने से अधिकतम तापमान ज्ञात होता है। जब वायु का तापमान कम होने लगता है तो बड़े बल्ब की एल्कोहल ठण्डी होकर सिकुड़ने लगती है इससे पारा बाईं नली में चढ़ने लगता है। पारे का तल दाईं ओर से नीचे गिरता है और बाईं ओर से ऊपर चढ़ता है। संकेतक I_1 पारे के तल के साथ ऊपर चढ़ता है। बाईं नली में संकेतक I_1 का निचला सिरा कम से कम तापमान बताता है। अगले दिन प्रात:काल तापमान पढ़ने के पश्चात निर्देशकों को अश्वनाल चुम्बक की सहायता से पारे के तल के साथ मिला दिया जाता है।

4.7 उपयोग:

इसका उपयोग किसी निश्चित समय में वायु का अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान देखने के लिए किया जाता है।

5. आत्ममूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 107 से 109 तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि इन उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में लिखे गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए तथा उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 4

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean .

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

ईकाई -4

1. भूमिका

आपने पिछली ईकाईयों में पढ़ा कि किसी वस्तु के गर्मपन या ठण्डेपन की मात्रा को तापमान कहते हैं। किसी वस्तु के तापमान को मापने के लिए हम एक यन्त्र का प्रयोग करते हैं जिसे थर्मामीटर कहते हैं। हरेक थर्मामीटर एक अंश से शुरू होकर दूसरे अंश पर समाप्त हो जाता है। इन अंशों के बीच की दूरी को बराबर भागों में बांटा जाता है व यह एक पैमाने का रूप ले लेता है। यह पैमाने कई प्रकार के हैं। इस ईकाई में हम यह पढ़ेंगे कि यह पैमाने कितनी प्रकार के हैं तथा इनमें क्या सम्बन्धता है। भिन्न भिन्न समस्याओं से हम यह जानेंगे कि एक पैमाने को दूसरे पैमाने में कैसे बदला जा सकता है।

2. उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात् आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे:-

1. तापमान मापने के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के पैमानों के नाम लिखोगे।
2. भिन्न भिन्न प्रकार के पैमानों के अविष्कारों के नाम लिखोगे।
3. अधो बिन्दु की परिभाषा लिखोगे।
4. ऊर्ध्व बिन्दु की परिभाषा लिखोगे।
5. एक थर्मामीटर की यथार्थता की जांच करने के लिए किए गए प्रयोग की व्याख्या कर सकोगे।
6. भिन्न भिन्न पैमानों में लगाए हुए अधो बिन्दु तथा ऊर्ध्व बिन्दु लिख सकोगे।
7. भिन्न भिन्न पैमानों की आपस में सम्बन्धता निम्नलिखित की तरह लिख सकोगे।

    क. सैंटीग्रेड तथा फार्नहाइट में सम्बन्धता

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180}$$

ख सैंटीग्रेड तथा रयूमर में सम्बन्धता

$$\frac{C}{100} = \frac{R}{80}$$

ग फार्नेहाईट तथा रयूमर में सम्बन्धता

$$\frac{F-32}{180} = \frac{R}{80}$$

8• उपरलिखित सम्बन्धताओं की सहायता से भिन्न भिन्न समस्याओं में एक पैमानों को दूसरे में बदल सकोगे।

3• उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:-

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 109 तथा 110 पढ़िए। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए निम्नलिखित पाठ्न सामग्री दी जा रही है। यह पाठ्न सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूर्ण सहायता करेगी।

4• प्रस्तावित पाठ्न सामग्री

4•1 तापमान मापने के पैमाने (मापक्रम)

वस्तु का तापमान मापने के लिए निम्नलिखित मापक्रम हैं:-

1• सैंटीग्रेड या सैलसियस मापक्रम

2• फार्नेहाइट मापक्रम

3• रयूमर मापक्रम

4• कैलविन मापक्रम

4•2 पैमानों के अविष्कारक:

भिन्न भिन्न प्रकार के पैमानों के अवष्किारक निम्नलिखित हैं:-

1• सैंटीग्रेड या सैलसियास मापक्रम:

इस मापक्रम का अविष्कार स्वीडन के वैज्ञानिक सैलसियस ने किया था। इसलिए इसे सैलसियस मापक्रम भी कहते हैं। इसका प्रयोग वैज्ञानिक

लोग करते हैं।

2. फार्नहाइट मापक्रम:

फार्नहाइट मापक्रम जर्मनी के वैज्ञानिक फार्नहाइट ने बनाया था और उन्हीं के नाम पर इस मापक्रम का नाम फार्नहाइट मापक्रम पड़ा।

3. रयूमर मापक्रम:

रयूमर मापक्रम फ्रांस के वैज्ञानिक रयूमर ने बनाया था। यह पैमाना फ्रांस में प्रचलित है।

4. कैलविन मापक्रम:

इस मापक्रम को कैलविन ने शुरू किया था।

4.3 अधो विन्दु:

एक मापक्रम में अधो विन्दु उस तापमान को प्रकट करता है जिस पर वर्फ पिघलने लगती है या पानी जमने लगता है। शुद्ध वर्फ हमेशा एक ही तापमान पर पर पिघलती है तथा यह तापमान उस समय तक एक जैसा रहता है जब तक कि सारी वर्फ पिघल न जाए। यदि थर्मामीटर के बल्व को पिघलते वर्फ में रखा जाए तो पारा सिकुड़ता है और इसका तल नीचे गिरता है। हर समय जब थर्मामीटर के वल्व को पिघलते वर्फ में डाला जाता है तो पारा एक ही तल पर खड़ा होता है। इसे थर्मामीटर का अधो विन्दु कहते हैं।

4.4. ऊर्ध्व विन्दु:

एक मापक्रम में ऊर्ध्व विन्दु उस तापमान को प्रकट करता है जिस पर साधारण वायु दाब (पारे का 760 मि0मि0) पर पानी उबलने लगता है। जव पानी विल्कुल शुद्ध हो तो भाप का तापमान हमेशा उवलते पानी के तापमान के वरावर होता है। परन्तु जव पानी अशुद्ध हो तो उवलते पानी का तापमान कम होता है पर भाप का तापमान एक सा रहता है।

4.5 तापमापी की यथार्थता (सत्यापन):

एक दिया हुआ तापमापी ठीक है या गल्त है इसे हम निम्नलिखित प्रयोगों से देख सकते हैं।

क• अधो विन्दु:

एक बीकर में शुद्ध बर्फ लो। माना दिया हुआ थर्मामीटर एक सैंटीग्रेड थर्मामीटर है। इस थर्मामीटर के बल्ब को बर्फ में रखो। इस क्रिया को तीन चार बार दोहराओ। अगर पारा हर बार 0^0C पर खड़ा होता है तो दिए हुए थर्मामीटर का अधोविन्दु ठीक लगा हुआ है।

ख• ऊर्ध्व विन्दु:

अब इसी सैंटीग्रेड थर्मामीटर को उबलते पानी के ऊपर कुछ समय के लिए रखो। पारा गर्म होने से फैलेगा। और ऊपर चढ़ कर एक विन्दु पर स्थिर हो जाएगा। इस क्रिया को तीन चार बार दोहराओ। अगर हर बार पारा 100^0 पर स्थिर हो जाए तो थर्मामीटर का ऊर्ध्व विन्दु सही लगा हुआ है।

इस प्रकार अधो विन्दु तथा ऊर्ध्व विन्दु की यथार्थता देखने के बाद हम यह कह सकते हैं कि दिया हुआ थर्मामीटर सही है या नहीं।

4•6 भिन्न भिन्न मापक्रमों में अधो विन्दु तथा ऊर्ध्व विन्दु:

भिन्न भिन्न मापक्रमों में अधो विन्दु तथा ऊर्ध्व विन्दु निम्नलिखित हैं:-

1• सैंटीग्रेड मापक्रम:

सैंटीग्रेड मापक्रम में अधो विन्दु (सबसे नीचे का अंक) 0^0 तथा ऊर्ध्व विन्दु (सबसे ऊपर का अंक) 100^0 पर लगाया जाता है। इन दोनों अंकों के मध्य स्थान को 100 बराबर भागों में बांटा जाता है। इस प्रत्येक भाग को एक डिग्री सैंटीग्रेड कहते हैं। इसे प्रायः ऐसे लिखते हैं: 1^0C

2• फार्नहाइट मापक्रम

इसमें अधो विन्दु 32^0 होता है और ऊर्ध्व विन्दु 212^0 होता है। इन दोनों विन्दुओं के मध्य स्थान को 180 बराबर भागों में बांटा जाता है तथा प्रत्येक भाग को एक डिग्री फार्नहाइट कहते हैं। इसे प्रायः ऐसे लिखते हैं: $1^0{}_F$

3• रयूमर मापक्रम:

इसमें अधो बिन्दु 0^0 तथा ऊर्ध्व बिन्दु 80^0 होता है। इन दोनों अंकों के मध्य स्थान को 80 बराबर भागों में बांटा जाता है और प्रत्येक भाग क एक डिग्री रयूमर कहते हैं। इसे [illegible] ऐसे लिखते हैं: 1^0_R

4• कैल्विन मापक्रम:

चार्ल्स के नियम के अनुसार किसी गैस . का न्यूनतम तापमान 273^0C होता है। इस तापमान को परम शून्य कहते हैं। इसको 0^0_K या 0^0_A द्वारा व्यक्त करते हैं। इस मापक्रम में सबसे नीचे का बिन्दु 273^0C होता है तथा इसका प्रत्येक अंश सैलसियस मापक्रम के 1^0 के बराबर होता है। इस मापक्रम के अनुसार बर्फ का तापमान 273^0C तथा भाप का तापमान 373^0C होता है। इस तापमान को परम तापक्रम का तापमान कहते हैं।

4• 7 भिन्न भिन्न तापक्रमों में सम्बन्धता:

माना C, F तथा R एक ही तापमान को सैंटीग्रेड, फार्नहाइट तथा रयूमर थर्मामीटरों में प्रकट करते हैं जैसा कि नीचे चित्र में दिखाया गया है।



इसमें सैंटीग्रेड मापक्रम में 100 अंश = रयूमर स्केल में 80 अंश

∴ सैंटीग्रेड मापक्रम में 1 अंश = रयूमर स्केल में $\frac{80}{100}$ अंश

∴ सेंटीग्रेड मापक्रम में C अंश = रयूमर स्केल में $\frac{80C}{100}$ अंश

$$\therefore \quad R = \frac{80C}{100}$$

$$\text{या} \quad \frac{R}{80} = \frac{C}{100} \qquad \text{----} \ (I)$$

दोबारा,

फारेनहाइट स्केल में (212−32) या 180 अंश = रयूमर स्केल में 80 अंश

∴ फारेनहाइट स्केल में 1 अंश = रयूमर स्केल में $\frac{80}{180}$ अंश

∴ फारेनहाइट स्केल में (F −32) अंश = रयूमर स्केल में $\frac{80(F-32)}{180}$ अंश

= रयूमर स्केल में R अंश

$$\therefore \quad R = \frac{80(F-32)}{180}$$

$$\text{या} \quad \frac{R}{80} = \frac{F-32}{180} \qquad \text{-----} (II)$$

(I) व (II) से

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180} = \frac{R}{80}$$

यह सम्बन्धता एक पैमाने को दूसरे पैमाने में बदलने के लिए सहायता देती है।

4·8 एक मापक्रम को दूसरे मापक्रम में बदलना:

जब एक मापक्रम को दूसरे मापक्रम में बदलना हो तो हम उपरलिखित सम्बन्धता की सहायता लेते हैं। इसे हम निम्नलिखित उदाहरणों से देख सकते हैं।

उदाहरण: 1

30°C तापमान को फारेनहाइट तापक्रम तथा रयूमर तापक्रम में बदलो।

हल: जैसा कि आपने पढ़ा

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180}$$

प्रश्न के अनुसार C = 30

$$\text{इसलिए} \quad \frac{30}{100} = \frac{F-32}{180}$$

या $\frac{F-32}{180} = \frac{30}{100}$

या $F-32 = \frac{30}{100} \times 180 = 54$

$\therefore F = 54 + 32 = 86$

इसलिए $30^0C = 86^0F$

दोबारा

$$\frac{C}{100} = \frac{R}{80}$$

$$\frac{30}{100} = \frac{R}{80}$$

$$R = \frac{30}{100} \times 80 = 24$$

अतः $30^0C = 24^0R$

उदाहरण 2

20^0F तापमान को सेंटीग्रेड तथा र्यूमर तापक्रमों में बदलो।

हल: जैसा कि आप जानते हैं:-

$$\frac{F-32}{180} = \frac{C}{100}$$

अब $F = 20$ इसलिए

$$\frac{20-32}{180} = \frac{C}{100}$$

$$C = 100 \times \frac{20-32}{180}$$

$$= -100 \times \frac{12}{180} = \frac{-20}{3} = -6\frac{2}{3}$$

अतः $20^0F = -6\frac{2}{3}{}^0C$

इसी प्रकार

$$\frac{F-32}{180} = \frac{R}{80}$$

$$\therefore R = 80 \times \frac{20-32}{180} = -80 \times \frac{12}{180} = -\frac{16}{3} = -5\frac{1}{3}$$

अतः $20^0F = -5\frac{1}{3}{}^0R$

उदाहरण :3

कौन सा तापमान फारेनहाइट मापक्रम तथा सैंटीग्रेड मापक्रम में एक सा होगा।

हल: जैसा कि आपने पढ़ा:

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180}$$

प्रश्न के अनुसार $C = F = X$, (माना)

$$\therefore \quad \frac{X}{100} = \frac{X-32}{180}$$

$$\frac{X}{5} = \frac{X-32}{9}$$

$$\therefore \quad 9X = 5X - 160$$

या $4X = -160$

$\therefore X = -40$

इसलिए -40^0C तथा -40^0 F एक ही तापमान को प्रकट करते हैं।

5. आत्म मूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 109 व 110 तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो आरम्भ में लिखे गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए और उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित सामग्री को पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री से अपने ट्यूटर की सहायता से पढ़िए।

प्र0-1 तापमान मापने के लिएजिन मापक्रमों का प्रयोग किया जाता है, उनके नाम लिखिए।

प्र0-2 सैंटीग्रेड, फार्नहाइट, रयूमर तथा केलविन मापक्रमों का अविष्कार किस किस ने किया था, क्रमशः उनके नाम लिखिए।

प्र0-3 अधो बिन्दु क्या प्रदर्शित करता है?

प्र0-4 ऊर्ध्व बिन्दु क्या प्रदर्शित करता है?

प्र0-5 सिद्ध करो कि एक दिया हुआ थर्मामीटर सही है या नहीं।

प्र0-6 सैंटीग्रेड, फार्नहाइट, रयूमर तथा केलविन मापक्रमों में अधो बिन्दु तथा ऊर्ध्व बिन्दु कहाँ लगाए होते हैं, लिखिए।

प्र0-7 सैंटीग्रेड, फार्नहाइट तथा मापक्रमों में क्या सम्बन्धता है, लिखिए।

प्र0-8 40^{0R} तापमान को फार्नहाइट तथा सैंटीग्रेड मापक्रमों में बदलिए।

ईकाई – 5

1. भूमिका:

जैसा कि आप पिछली ईकाईयों में पढ़ चुके है ऊष्मा एक भौतिक साधन है जिससे हमें गर्मी तथा ठण्डक का अनुभव होता है। वस्तु के गर्मी या ठण्डक के दर्जे को तापमान कहते हैं व इसे मापने के लिए थर्मामीटरों का प्रयोग करते हैं। किसी वस्तु में कितनी ऊष्मा है, मापने के लिए विज्ञान की नई शाखा (कैलोरीमिति) का प्रयोग किया जाता है इस ईकाई में हम यही पढ़ेंगे कि वस्तु में ऊष्मा की मात्रा कैसे मापी जाती है।

2. उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होगे:

1) कैलोरीमिति तथा कैलोरीमीटर की परिभाषा लिख सकोगे।

2) इन अवस्थाओं का वर्णन कर सकोगे जिन पर किसी वस्तु की ऊष्मा निर्भर करती है।

3) ऊष्मा की ईकाईयों के नाम तथा परिभाषा लिख सकोगे।

4) कैलोरी तथा ब्रिटिश थर्मल यूनिट की सम्बन्धता लिख सकोगे।

5) विशिष्ट ऊष्मा, ऊष्माधारिता तथा जलतुल्याक की परिभाषा लिख सकोगे।

6) ऊष्माधारिता तथा जलतुल्याक के अन्तर लिख सकोगे।

3. उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 116 से 118 तक पढ़िए। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ और सामग्री प्रस्तावित पाठ्न सामग्री के रूप में दी जा रही है। यह सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी भरपूर सहायता करेगी।

4. प्रस्तावित पाठ्य सामग्री

4.1 कैलोरीमिति तथा कैलोरीमीटर:

आप पिछली इकाईयों में पढ़ चुके हैं कि ऊष्मा तक भौतिक साधन है जो हममें ऊष्णता की चेतना उत्पन्न करती है। किसी वस्तु में ऊष्माकी मात्रा मापने के लिए वस्तु को पानी की निश्चित मात्रा में डालते हैं फिर मिश्रण के तापमान का घटनाया बढ़ना नोट करते हैं । अर्थात ऊष्मा, ऊष्मा के गर्म करने के प्रभाव द्वारा मापी जाती है। विज्ञान की वह शाखा जिसके द्वारा किसी वस्तु में ऊष्मा की मात्रा मापी जाती है, उसे कैलोरीमिति या ऊष्मामिति कहते हैं। वस्तु में ऊष्मा की मात्रा मापने के लिए जिस उपकरण का प्रयोग करते हैं, उसे कैलोरीमीटर कहते हैं। दूसरे शब्दों में कैलोरीमीटर वह उपकरण है जिसके द्वारा वस्तु में ऊष्मा की मात्रा मापी जाती है।

4.2 अवस्थाएं जिन पर ऊष्मा निर्भर करती है:

किसी वस्तु में ऊष्मा की मात्रा निम्नलिखित अवस्थाओं पर निर्भर करती है:

1) वस्तु की संहति:

वस्तु की जितनी अधिक संहति होगी, उसमें उतनी ही अधिक ऊष्मा होगी। इसे हम निम्नलिखित प्रयोग से सिद्ध कर सकते हैं:-

लोहे के दो गोले, जिनकी संहति क्रमश: 100 ग्राम तथा 50 ग्राम है, को सौ-सौ डिग्री सेंटीग्रेड तक गर्म करने के बाद जब वर्फ के टुकड़ों पर रखा जाता है तो 100 ग्राम गोला 50 ग्राम गोले की तुलना में दुगनी वर्फ पिघलाता है। इससे यह सिद्ध होता है कि वस्तु में ऊष्मा की मात्रा वस्तु की संहति पर निर्भर होती है। यदि ऊष्मा की मात्रा Q तथा वस्तु की संहति m हो तो--

$$Q \propto m$$

2) वस्तु का तापमान:

किसी वस्तु का जितना ऊँचा तापमान होगा उसमें उतनी ही अधिक ऊष्मा होगी। इसे हम निम्नलिखित प्रयोग से सिद्ध कर सकते हैं:

लोहे के दो गोले सौ-सौ ग्राम के लेकर, उनमें से एक को 100^0C तथा दूसरे को 50^0C तक गर्म करने के बाद, जव वर्फ के टुकड़ों पर रखा जाता है तो हम यह देखते हैं कि 100^0C वाला गोला 50^0C वाले गोले से दुगनी वर्फ पिघलाता है। अतः ऊष्मा की मात्रा वस्तु के तापमान पर भी निर्भर करती है। यदि ऊष्मा की मात्रा Q तथा तापमान t हो तो

$$Q \propto t$$

3) वस्तु की प्रकृति:

जिस धातु की कोई वस्तु वनी होती है उसकी प्रकृति पर भी ऊष्मा की मात्रा निर्भर करती है। इसे हम निम्नलिखित प्रयोग की सहायता से देख सकते हैं:-

समान संहति तथा समान तापमान के दो गोले, जिसमें एक लोहे का तथा दूसरा पीतल का वना हो, को जव हम अलग-अलग वर्फ के टुकड़ों पर रखते हैं तो हम यह देखते हैं कि पीतल का गोला लोहे के गोले से अधिकवर्फ पिघलाता है। अतः वस्तु में ऊष्मा की मात्रा, जिस धातु से वस्तु वनी हो की प्रकृति पर भी निर्भर करती है।

4.3 ऊष्मा की ईकाई:

जिस प्रकार भार तथा लम्बाई आदि मापने के लिए भिन्न भिन्न प्रणालियाँ हैं इसी प्रकार ऊष्मा मापने के लिए भी दो प्रकार की प्रणालियों का प्रयोग करते हैं। ये प्रणालियाँ हैं:

1. सी.जी.एस. प्रणाली
2. एफ.पी.एस. प्रणाली

1) सी.जी.एस. प्रणाली:

सी.जी.एस. प्रणाली में ऊष्मा की ईकाई को कैलोरी कहते हैं। कैलोरी ऊष्मा की वह मात्रा है जो एक ग्राम पानी का तापमान 1^0C तक वढ़ाने में काम आए या एक ग्राम पानी को 1^0C तक ठण्डा करने पर निकलती है। इसे थर्म भी कहते हैं।

2) एफ॰पी॰एस॰ प्रणाली:

एफ०पी०एस० प्रणाली में ऊष्मा की ईकाई को ब्रिटिश थर्मल युनिट कहते हैं। इसे B.T.U. से प्रकट करते हैं। ब्रिटिश थर्मल युनिट ऊष्मा की वह मात्रा है जो एक पौंड पानी का तापमान 1^0F तक बढ़ाने में काम आए या 1 पौंड पानी को 1^0 F तक ठण्डा करने पर निकले।

4.4. कैलोरी ब्रिटिश थर्मल युनिट में सम्बन्धता:

कैलोरी तथा ब्रिटिश थर्मल युनिट में निम्नलिखित सम्बन्धता है। जैसे कि

1 पौंड = 453.6 ग्राम

और $1^0{}_F = 100/180 = 5/9^0{}_C$

$\therefore$ 1 B.T.U. = 453.6 × 5/9 कैलोरी

= 252 कैलोरी

4.5 विशिष्ट ऊष्मा, ऊष्मा धारिता तथा जलतुल्यांक:

1) विशिष्ट ऊष्मा:

आपने पढ़ा कि किसी वस्तु में ऊष्मा की मात्रा वस्तु की संहति तथा उसके तापमान के सीधा समानुपाती होती है। अर्थात--

$$Q \propto m.t$$
$$Q = S.m.t$$

जहाँ S स्थिरांक है और इसे वस्तु की बिशिष्ट ऊष्मा कहते हैं।

किसी वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा उस वस्तु को किसी तापमान के परास तक गर्म करने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा और वस्तु के समान पानी की संहति को उसी तापमान के परास तक गर्म करने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा का अनुपात है।

जैसा कि पीछे बताया जा चुका है वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा को S से प्रकट करते हैं। इस परिभाषा के अनुसार:

$$s = \frac{\text{वस्तु को } t^{\circ}\text{C तक गर्म करने के लिए ऊष्मा की मात्रा}}{\text{वस्तु के समान पानी को } t^{\circ}\text{C तक गर्म करने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा}}$$

विशिष्ट ऊष्मा दो एक ही प्रकार के परिमाणों काअनुपात है इसलिए इसकी कोई इकाई नहीं होती है, यह केवल एक संख्या है। इस अनुपात को हम निम्नलिखित की तरह भी लिख सकते हैं:

$$s = \frac{\text{वस्तु की एक इकाई संहति का तापमान } 1^{\circ}\text{C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा}}{\text{पानी की एक इकाई का तापमान } 1^{\circ}\text{C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा}}$$

हमने सी॰जी॰एस॰ प्रणाली में देखा कि 1 ग्राम पानी का तापमान 1°C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा को कैलोरी कहते हैं। इसको हर में रखने पर:

$$s = \frac{\text{वस्तु की एक इकाई संहति का तापमान } 1^{\circ}\text{C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा}}{1 \text{ कैलोरी}}$$

$$= 1 \text{ ग्राम वस्तु का तापमान } 1^{\circ}\text{C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा}$$

अतः हम यह कह सकते हैं कि विशिष्ट ऊष्मा, कैलोरियों में ऊष्मा की वह मात्रा है जो 1 ग्राम वस्तु का तापमान 1°C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक है या कैलोरियों में ऊष्मा की वह मात्रा है जो 1 ग्राम वस्तु को 1°C तक ठण्डा करने पर निकलती है।

एक ग्राम पानी का तापमान 1°C तक बढ़ाने के लिए 1 कैलोरी ऊष्मा आवश्यक है। अतः पानी की विशिष्ट ऊष्मा एक है। इसी प्रकार कुछ एक दूसरी वस्तुओं की विशिष्ट ऊष्मा निम्नलिखित है:

कुछ वस्तुओं की विशिष्ट ऊष्मा

वस्तु	विशिष्ट ऊष्मा
ताँबा	0·091
पीतल	0·088
चाँदी	0·055

वस्तु	विशिष्ट ऊष्मा
पारा	0·031
रेत	0·190
मिट्टी का तेल	0·510

2) ऊष्मा धारिता:

ऊष्माधारिता की परिभाषा समझने के लिए आओ हम निम्नलिखित प्रयोग की सहायता लें।

प्रयोग: तीन बीकरों में एक ही मात्रा व एक ही तापमान वाला पानी लो। अब तीन परख नलियां लो जिनमें क्रमशः एक ही मात्रा का पानी, लोहे के टुकड़े तथा सीसे की गोलियां हों। तीनों परख नलियों को एक पानी के पात्र में रख कर पानी को उबालो। तीनों वस्तुओं का तापमान देखो, यह बराबर होगा। अब इन तीन वस्तुओं को पानी के तीन बीकरों में डालो। तीन बीकरों में पानी का तापमान भिन्न भिन्न होगा। इससे सिद्ध होता है कि भिन्न भिन्न वस्तुओं की समान मात्रा में भिन्न भिन्न ऊष्मा की मात्रा होती है।

किसी वस्तु की ऊष्माधारिता वस्तु का तापमान $1^{\circ}C$ तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा है। ऊष्माधारिता, वस्तु की संहति तथा विशिष्ट ऊष्मा पर आश्रित है। जैसा कि हमने पढ़ा .

$$Q = m.s.t.$$

जिसमें कि Q ऊष्मा की वह मात्रा है जो s विशिष्ट ऊष्मा वाली वस्तु की m संहति का तापमान $t^{\circ}C$ तक बढ़ाने के लिए आवश्यक है। ऊष्माधारिता निकालने के लिए अगर हम $t^{\circ}C = 1^{\circ}C$ रखें तो:

ऊष्माधारिता = m.s.1 ऊष्मा की ईकाईयां (कैलोरी या B.T.U.)
= वस्तु की संहति x विशिष्ट ऊष्मा

अब यह स्पष्ट है कि वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा वस्तु की प्रति ईकाई ऊष्मा धारिता है।

100 ग्राम सीसे के गोले, जिसकी विशिष्ट ऊष्मा 0·031 ही, की ऊष्माधारिता 100 x 0·031 या 3·1 कैलोरी होगी। इसी प्रकार 100 ग्राम

पानी की ऊष्माधारिता 100×1 या 100 कैलोरी होगी।

3. जलतुल्यांक:

किसी वस्तु के जलतुल्यांक से अभिप्राय पानी की उस मात्रा से है जिसका तापमान 1°C तक बढ़ाने में उतनी ही ऊष्मा की आवश्यकता पड़ती है जितनी कि उस वस्तु का तापमान 1°C तक बढ़ाने के लिए पड़ती है। दूसरे शब्दों में पानी की वह संहति, जो ऊष्मा की वही मात्रा उत्सर्जित या अवशोषित करती है जो एक वस्तु गर्म या ठण्डा करने पर उत्सर्जित या अवशोषित करता है, वस्तु की जलतुल्यांक कहलाती है।

मानों कि m संहति वाले पदार्थ, जिसकी विशिष्ट ऊष्मा s है, का जलतुल्यांक w है। अगर तापमान में वृद्धि t°C हो, तो:

पदार्थ द्वारा ऊष्मा लाभ $= m.s.t.$

बराबर संहति के पानी द्वारा ऊष्मा लाभ $= w \times 1 \times t$
$= wt$

जलतुल्यांक की परिभाषा से $wt = m.s.t.$

$\therefore w = m.s.$

4·6 ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक में सम्बन्धता

वस्तु की ऊष्माधारिता $= m.s.$

वस्तु का जलतुल्यांक $= m.s.$

$\therefore$ वस्तु की ऊष्माधारिता = वस्तु का जलतुल्यांक

वस्तु की ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक एक बराबर होते हैं परन्तु इनकी इकाइयों में अन्तर होता है। ऊष्माधारिता ऊष्मा की मात्रा है इसलिए इसे कैलोरी या ब्रिटिश थर्मल यूनिट से प्रकट करते हैं। जलतुल्यांक संहति है इसलिए इसे ग्राम या पौंडों में प्रकट करते हैं। उदाहरणार्थ- 100 ग्राम सीसे, जिसकी विशिष्ट ऊष्मा 0·031 है, की ऊष्माधारिता 3·1 कैलोरी तथा जलतुल्यांक 3·1 ग्राम है।

4·7 ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक में अन्तर:

आपने पीछे पढ़ा कि वस्तु की ऊष्माधारिता, वस्तु के जलतुल्यांक के बराबर होती है। इन दोनों में क्या अन्तर है? आओ इन अन्तरों को हम एक तालिका के रूप में देखें।

ऊष्माधारिता	जलतुल्यांक
1· यह ऊष्मा की वह मात्रा है जो वस्तु का तापमान 1°C तक बढ़ाने में आवश्यक होती है।	1· यह पानी की वह संहति है जो उतनी ही ऊष्मा उत्सर्जित या अवशोषित करती है जितना वस्तु गर्म या ठण्डा करने पर उत्सर्जित या अवशोषित करती है।
2· इसका मात्रक कैलोरी या ब्रिटिश थर्मल यूनिट है	2· इसका मात्रक ग्राम या पौंड है।

5· आत्म मूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक पृष्ठ 116 से 118 तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में दिए गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए और उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित सामग्री को पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री से पढ़िए । आपका ट्यूटर इसमें आपकी सहायता करेगा।

प्र·–1 कैलोरीमिति की परिभाषा लिखिए।

प्र0–2 कैलोरीमीटर की परिभाषा लिखिए।

प्र0–3 किसी वस्तु की ऊष्मा की मात्रा किन बातों पर निर्भर करती है, संक्षिप्त में लिखिए।

प्र0–4 कैलोरी की परिभाषा लिखिए!

प्र0-5 ब्रिटिश थर्मल युनिट की परिभाषा लिखिए।

प्र0-6 कैलोरी तथा ब्रिटिश थर्मल युनिट में क्या सम्बन्धता है, लिखिए।

प्र0-7 विशिष्ट ऊष्मा की परिभाषा लिखिए।

प्र0-8 ऊष्माधारिता की परिभाषा लिखिए।

प्र0-9 जलतुल्यांक की परिभाषा लिखिए।

प्र0-10 ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक में क्या सम्बन्धता है लिखिए।

प्र0-11 एक तालिका के रूप में ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक में अन्तर लिखिए।

----

1. भूमिका:

आपने पिछली ईकाई में पढ़ा कि किसी वस्तु में ऊष्मा की मात्रा मापने के लिए जिस उपकरण का प्रयोग करते हैं उसे कैलोरीमीटर कहते हैं। आपने यह भी पढ़ा था कि वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा एक ग्राम वस्तु का तापमान 1°C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा है। यह आवश्यक ऊष्मा की मात्रा यानि वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा कितनी है? इस ईकाई में हम उन उपकरणों का तथा द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने की विधि के बारे में पढ़ेंगे।

2. उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे :-

1. कैलोरीमीटर का वर्णन कर सकोगे।
2. द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए सिद्धान्त लिख सकोगे।
3. ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए चित्र सहित प्रयोग का वर्णन कर सकोगे।
4. परिकलित मानों के आधार पर ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए सूत्र लिख सकोगे।

3. उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 118 से 121 तक पढ़िए। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ और प्रस्तावित पाठ्न सामग्री दी जा रही है। यह सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4. प्रस्तावित पाठ्न सामग्री

4.1 कैलोरीमीटर:

किसी वस्तु में ऊष्मा की मात्रा मापने के लिए एक यन्त्र का प्रयोग करते हैं। उसे कैलोरीमीटर कहते हैं। कैलोरीमीटर ताँबे का एक बर्तन होता है जिसमें एक विलोडक लगा होता है (चित्र-1) विलोडक एक ताँबे की छड़ होती है जिसके एक सिरे को घुमाकर गोल किया होता है। वातावरण से ऊष्मा हानि या ऊष्मा लाभ रोकने के लिए कैलोरीमीटर को एक बड़े डिब्बे के बीच लटकाया जाता है (चित्र-2) या बड़े डिब्बे के नीचे कार्क रख कर इसे उसके ऊपर रखा जाता है (चित्र 3) बाहर के डिब्बे को एक लकड़ी के ढकन से ढांपा


चित्र 1


चित्र 2


चित्र 3

जाता है जिसमें कि दो छेद होते हैं। एक छेद में थर्मामीटर लगाया जाता है तथा दूसरे छेद में विलोडक का सीधा सिरा डाला जाता है। कैलोरीमीटर तथा डिब्बे के बीच की जगह को ऐसे पदार्थ, जैसे बुरादा, गत्ते के टुकड़े या कार्क आदि से भरा जाता है जो वाहन द्वारा ऊष्मा की जरा सी भी हानि न होने दे क्योंकि उनके बीच की हवा कैलोरीमीटर से ऊष्मा ग्रहण कर सकती है।

4.2 वस्तुओं की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए सिद्धान्त:

वस्तुओं की विशिष्ट ऊष्मा मिश्रण विधि द्वारा निकाली जाती है।

जब एक गर्म वस्तु को ठण्डी वस्तु से मिला दिया जाए तो ऊष्मा गर्म वस्तु से ठण्डी वस्तु की ओर चलती है। गर्म वस्तु का तापमान कम होता है तथा ठण्डी वस्तु का तापमान बढ़ता है। ऊष्मा गर्म वस्तु से ठण्डी वस्तु तक तव तक चलती रहती है जब तक कि दोनों का तापमान बराबर न हो जाए। गर्म वस्तु द्वारा खोई हुई ऊष्मा ठण्डी वस्तु द्वारा पाई हुई ऊष्मा के वरावर होती है। दो वस्तुओं में ऊष्मा के आदान प्रदान में ऊष्मा लाभ = ऊष्मा हानि का सिद्धान्त हमेशा लागू होता है। इसे ऊष्मामिति का सिद्धान्त कहते हैं। उदाहरण के तौर पर मानो 60^0C वाला 50 ग्राम पानी 0^0C वाले 100 ग्राम ठण्डे पानी में मिलाया गया। यदि मिश्रण का अन्तिम तापमान t^0C है तो:

ऊष्मा लाभ = 100 x t

ऊष्मा हानि = 50 (60 - t)

∴ ऊष्मा के सिद्धान्त के अनुसार

$$100\,t = 50\,(60 - t)$$

$$\therefore \quad t = \frac{50 \times 60}{150} = 20^0C$$

अतः मिश्रण का अन्तिम तापमान 20^0C होगा। ठण्डे पानी का तापमान 0^0C से 20^0C तक बढ़ा और इसमें ऊष्मा लाभ = 100 x 20 या 2000 कैलोरी। गर्म पानी का तापमान 60^0C से 20^0C हो गया। गर्म पानी की ऊष्मा हानि= 50x40 या 2000 कैलोरी जो कि ऊष्मा लाभ के वरावर है।

4·3 ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने की विधि

ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए दो उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इनमें एक हिप्सोमीटर तथा दूसरा कैलोरीमीटर है। हिप्सोमीटर एक विशेष प्रकार की दोहरी दिवारों वाला धातु का पात्र होता है। भाप निकालने के लिए पात्र के एक ओर एक नली होती है तथा दूसरी ओर एक U के आकार की नली होती है। इस नली में रंगदार पानी या गंधक का अम्ल होता है। इसे मैनोमीटर कहते हैं। मैनोमीटर, भाप का दवाब वायु दवाव के

बराबर है या नहीं, के देखने के काम आता है।



विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए प्रयोग जिस पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा निकालनी है उसके छोटे छोटे टुकड़े किए जाते हैं। इन टुकड़ों को हिप्सोमीटर की परखनली में डाल देते हैं। फिर एक थर्मामीटर लगाया जाता है ताकि इसका बल्ब तथा कुछ भाग वस्तु में डूब जाए। हिप्सोमीटर में पानी डाल कर गर्म करना शुरु कर दिया जाता है। जब हिप्सोमीटर में पानी गर्म हो रहा होता है दूसरी तरफ खाली कैलोरीमीटर और विलोडक को तोला जाता है। उसके बाद कैलोरीमीटर में पानी डाल कर तोला जाता है। इस पानी का प्राथमिक ताप कैलोरीमीटर में लटके थर्मामीटर से नोट कर लेते हैं। जब हिप्सोमीटर की परखनली में तापमान कम से कम दस मिन्ट तक स्थिर रहे तब ठोस वस्तु को जल्दी जल्दी कैलोरीमीटर में डाल दिया जाता है। विलोडक से मिश्रण को अच्छी तरह मिलाया जाता है। थर्मामीटर में जहां पारा स्थिर हो जाए वह तापमान नोट कर लिया जाता है।

4•4• परिकलित मापों से विशिष्ट ऊष्मा

उपरलिखित प्रयोग में मानों निम्नलिखित माप आए

मान लिया:

कैलोरीमीटर + विलोडक का भार = m_1 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + पानी का भार = m_2 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + पानी + ठोस पदार्थ का भार = m_3 ग्राम

कैलोरीमीटर + पानी का प्राथमिक ताप = t_1 °C

ठोस पदार्थ का तापमान = t_2 °C

मिश्रण का अन्तिम तापमान = t_3 °C

अतः पानी का भार = (m_2-m_1) ग्राम

ठोस पदार्थ का भार = $9(m_3-m_2)$ ग्राम

पानी के तापमान में वृद्धि = (t_3-t_1)°C

ठोस पदार्थ के तापमान में कमी = (t_2-t_3) °C

पानी की विशिष्ट ऊष्मा = 1

कैलोरीमीटर की विशिष्ट ऊष्मा = 0·091

माना ठोस पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा = s

ठोस पदार्थ का तापमान कम हुआ

इसलिए ठोस पदार्थ की ऊष्मा में हानि = m.s.t.

$=(m_3-m_2)\times s\times(t_2-t_3)$

पानी का तापमान बढ़ा।

इसलिए पानी की ऊष्मा में लाभ = m.s.t.

$=(m_2-m_1)\times 1\times(t_3-t_1) = (m_2-m_1)(t_3-t_1)$

कुछ ऊष्मा कैलोरीमीटर + विलोडक द्वारा ली गई।

इसलिए कैलोरीमीटर द्वारा ऊष्मा लाभ = m.s.t.

$= (m_1\times 0.091\times (t_3-t_1)$

कुल ऊष्मा लाभ = $(m_2-m_1)(t_3-t_1)+m_1\times 0.091 \times (t_3-t_1)$

परन्तु ऊष्मा सिद्धान्त के अनुसार

ऊष्मा हानि = ऊष्मा लाभ

ठोस पदार्थ की ऊष्मा = पानी तथा कैलोरीमीटर द्वारा ली गई ऊष्मा

$\therefore (m_3-m_2) \times S \times (t_2-t_3) = (m_2-m_1)(t_3-t_1)+m_1\times 0.091\times(t_3-t_1)$

या

$$S = \frac{(m_2-m_1)(t_3-t_1)+m_1\times 0.091\times(t_3-t_1)}{(m_3-m_2)(t_2-t_3)}$$

प्रकार हम ठोस की विशिष्ट ऊष्मा निकाल सकते हैं।

आओ इस को निम्नलिखित उदाहरण से देखें।

उदा: ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालते हुए परिकल्पित माप निम्नांकित है:

कैलोरीमीटर + विलोडक का भार = 25 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + पानी का भार = 50 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + पानी + ठोस पदार्थ का भार = 100 ग्राम

पानी का प्रारम्भिक तापमान = 20^0C

ठोस का प्रारम्भिक तापमान = 100^0C

मिश्रण का अन्तिम तापमान = 30^0C

अतः

पानी का भार = (50–25) = 25 ग्राम

ठोस पदार्थ का भार = (100–50) = 50 ग्राम

पानी के तापमान में वृद्धि = (30–20) = 10^0C

ठोस पदार्थ के तापमान में कमी = (100–30) = 70^0C

पानी की विशिष्ट ऊष्मा = 1

कैलोरीमीटर की विशिष्ट ऊष्मा = 0·091

माना ठोस पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा = S

ठोस पदार्थ द्वारा ऊष्मा हानि = m.S.t.

= 50 x S x 70

= 3500S

पानी की ऊष्मा में लाभ $= m.s.t.$

$= 25 \times 1 \times 10$

$= 250$ कैलोरी

कैलोरीमीटर की ऊष्मा में लाभ $= m.s.t.$

$= 25 \times 0\cdot091 \times 10$

$= 2\cdot275$

कुल ऊष्मा लाभ $= 250 + 2\cdot275$

$= 252\cdot275$

परन्तु कैलोरीमिति के सिद्धान्त के अनुसार

ऊष्मा लाभ = ऊष्मा हानि

$252\cdot275 = 3500\,s$

$$s = \frac{252\cdot275}{3500}$$

$$= 0\cdot07$$

अतः ठोस वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा 0·07 है।

5· आत्म मूल्यांकन:

आपने पुस्तक के पृष्ठ 118 से 121 तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। अतः यह आशा की जाती है कि आपने उद्देश्यों के प्रकाश में पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में दिए गए हैं, प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म-मूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए तथा उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो आप उसी प्रश्न से सम्बन्धित पाठ्न सामग्री को पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री से पढ़िए। आपका ट्यूटर इसमें आपकी पूरी सहायता करेगी।

कैलोरीमीटर की बनावट का चित्र सहित वर्णन करो।

ठोसों की विशिष्ट निकालने के लिए सिद्धान्त लिखिए।

ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए प्रयोग का वर्णन करो।

द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए फार्मूला लिखिए।

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 7

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

ईकाई - 7

1. भूमिका:

आपने पिछली ईकाई में पढ़ा कि ठोसों की विशिष्ट ऊष्मा कैसे निकाली जाती है। जिस ठोस पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा निकालनी हो उसे हिप्सोमीटर की परख नली में डालकर गर्म करते हैं तब तक गर्म करते रहते हैं जब तक तापमान कम से कम दो मिनट तक स्थिर न रहे। द्रव की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए हम इसे परख नली में गर्म नहीं कर सकते हैं क्योंकि थोड़ी देर बाद उसके वाष्प बनने शुरु हो जाएगी और सारा द्रव उड़ जाएगा। इस ईकाई में हम यह पढ़ेंगे कि द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा कैसे निकाली जाए तथा विशिष्ट ऊष्मा निकालते समय कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए।

2. उद्देश्य:

इस ईकाई को पढ़ने के पश्चात् आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे:

1. द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए प्रयोग का विवरण दे सकोगे।
2. पदार्थों की विशिष्ट ऊष्मा निकालते समय बरती जाने वाली सावधानियों का विवरण दे सकोगे।
3. पानी की अधिकतम विशिष्ट ऊष्मा के दैनिक जीवन में उपयोग लिख सकोगे।

3. उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 121 से 123 तक पढ़िए। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ और सामग्री प्रस्तावित पाठ्न सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4· प्रस्तावित पाठ्य सामग्री

4·1 द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा:

द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए जिस द्रव की विशिष्ट ऊष्मा निकालनी हो उसे कैलोरीमीटर में डाला जाता है। सबसे पहले कैलोरीमीटर और विलोडक को तोला जाता है। द्रव को कैलोरीमीटर में डालकर तोला जाता है व द्रव का भार मालूम किया जाता है। कैलोरीमीटर में लगे थर्मामीटर से द्रव का तापमान नोट किया जाता है। जिस ठोस पदार्थ की विशिष्ट ऊष्मा का पता हो उसे हिप्सोमीटर की परख नली में डाला जाता है। हिप्सोमीटर में पानी डालकर उसे गर्म करते हैं जिससे ठोस का तापमान बढ़ना शुरू हो जाता है व एक अंश पर स्थिर हो जाता है। जब ठोस का तापमान लगभग दस मिन्ट तक स्थिर रहे तब इसे कैलोरीमीटर में पड़े द्रव के बीच डाल देते हैं व विलोडक से अच्छी तरह हिलाते हैं। कैलोरीमीटर में लगे थर्मामीटर का पारा स्थिर होने पर मिश्रण का तापमान नोट कर लिया जाता है। नीचे लिखी रीति द्वारा द्रव की विशिष्ट ऊष्मा निकाली जाती है:-

मान लिया:-

कैलोरीमीटर + विलोडक का भार = m_1 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + द्रव का भार = m_2 ग्राम

कैलोरीमीटर + विलोडक + द्रव + ठोस पदार्थ का भार = m_3 ग्राम

द्रव का प्राथमिक तापमान = t_1 °C

ठोस पदार्थ का प्राथमिक तापमान= t_2 °C

मिश्रण का अन्तिम तापमान= t_3 °C

ठोस पदार्थ (माना तांबे के टुकड़े) की बिशिष्ट ऊष्मा=0·091

द्रव की विशिष्ट ऊष्मा= s

द्रव का भार = $(m_2 - m_1)$ ग्राम

ठोस पदार्थ का भार = $(m_3 - m_2)$ ग्राम

द्रव के तापमान में वृद्धि = $(t_3 - t_1)$ °C

ठोस के तापमान में कमी = $(t_2 - t_3)\ ^\circ C$

पर द्रव के तापमान में वृद्धि हुई

∴ द्रव की ऊष्मा में लाभ = m.s.t.

$$= (m_2 - m_1) \times s \times (t_3 - t_1)$$

कुछ ऊष्मा कैलोरीमीटर तथा विलोडक द्वारा ली गई

∴ कैलोरीमीटर तथा विलोडक की ऊष्मा में लाभ = $m_1 \times .091 \times (t_3 - t_1)$

कुल ऊष्मा लाभ = $(m_2 - m_1) \times s \times (t_3 - t_1) + m_1 \times 0.091 \times (t_3 - t_1)$

ठोस वस्तु के तापमान में कमी हुई

∴ ठोस वस्तु की ऊष्मा में हानि = m.s.t.

$$= (m_3 - m_2) \times 0.091 \times (t_2 - t_3)$$

परन्तु ऊष्मामिति के सिद्धान्त से

ऊष्मा लाभ = ऊष्मा हानि

$$\therefore (m_2 - m_1) \times s \times (t_3 - t_1) + m_1 \times 0.091 \times (t_3 - t_1) = (m_3 - m_2) \times 0.091 \times (t_2 - t_3)$$

$$\therefore s = \frac{(m_3 - m_2) \times 0.091 \times (t_2 - t_3) - m_1 \times 0.091 \times (t_3 - t_1)}{(m_2 - m_1)\ (t_3 - t_1)}$$

इस प्रकार हम एक द्रव की विशिष्ट ऊष्मा निकाल सकते हैं। आओ इसे निम्नलिखित उदाहरण की सहायता से समझें।

उदाहरण:

तांबे के एक कैलोरीमीटर का भार 50 ग्राम है और इसकी विशिष्ट ऊष्मा 0·095 है। इसमें 110 ग्राम ऐसा द्रव है जिसका तापमान 10° सैंटीग्रेड है। जब 100 ग्राम तांबा 100°C पर इस द्रव में डालते हैं तो तापमान 20° सै0 हो जाता है। द्रव की विशिष्ट ऊष्मा बताओ।

हल:

कैलोरीमीटर का भार = 50 ग्राम

कैलोरीमीटर की विशिष्ट ऊष्मा = 0.095

द्रव का भार = 110 ग्राम

द्रव का प्राथमिक तापमान = 12^0 सै0

तांबे का भार = 100 ग्राम

तांबे का प्राथमिक तापमान = 100^0 सै0

मिश्रण का अन्तिम तापमान = 20^0 सै0

मान लो द्रव की विशिष्ट ऊष्मा = s

तांबे की ऊष्मा में हानि = $100 \times 0.095 \times (100-20)$

$= 100 \times 0.095 \times 80$

= 760 कैलोरी

द्रव की ऊष्मा में लाभ = $110 \times s \times (20-12)$

$= 110 \times s \times 8$

= 880 s कैलोरी

कैलोरीमीटर की ऊष्मा में लाभ = $50 \times 0.095 \times (20-12)$

$= 50 \times 0.095 \times 8$

= 38.0 कैलोरी

ऊष्मा में कुल लाभ = (880 s + 38) कैलोरी

अतः ऊष्मा हानि = ऊष्मा लाभ

$\therefore 760 = 880s + 38$

या $760-38 = 880s$

या $722 = 880s$

$\therefore s = \frac{722}{880}$

$= \underline{0.824}$

4·2 सावधानियां:

ठोसों या द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालते समय जो सावधानियां वरतनी चाहिए, वे निम्नलिखित हैं:

1· कैलोरीमीटर हवा के साथ रह कर कुछ ऊष्मा खो देता है। इसलिए इस ऊष्मा की हानि को रोकने के लिए कैलोरीमीटर को फ्लैनल या मोटे कपड़े में लपेट कर लकड़ी के डिब्बे के बीच रखना चाहिए।

2· परख नली में से ठोस पदार्थ को कैलोरीमीटर में डालते समय कुछ ऊष्मा हानि हो जाती है। इस ऊष्मा हानि को रोकने के लिए ठोस वस्तु को शीघ्रातिशीघ्र कैलोरीमीटर में डालना चाहिए।

3· कुछ ऊष्मा कैलोरीमीटर तथा विलोडक ले लेते हैं इसलिए ऊष्मा लाभ में इसकी गणना करनी चाहिए।

4· ठोस पदार्थ को कैलोरीमीटर में डालते समय द्रव छलक कर वाहर नहीं आना चाहिए।

5· ठोस पदार्थ कैलोरीमीटर में तभी डालना चाहिए जब उसका तापमान लगभग दस मिनट तक स्थिर रहे।

6· यथार्थ ताप मालूम करने के लिए थर्मामीटर 1/2 डिग्री का होना चाहिए।

7· ठोस पदार्थ छोटे छोटे टुकड़ों में होना चाहिए ताकि हिप्सोमीटर की परख नली में आ जाए।

8· ठोस पदार्थ को कैलोरीमीटर में डालने के वाद ही तौलना चाहिए न कि गर्म करने से पहले।

9· अन्तिम तापमान नोट करने से पहले विलोडक से मिश्रण को अच्छी तरह हिलाना चाहिए।

10· थर्मामीटर को निकालते समय द्रव की कोई भी बून्द उससे नहीं लगी होनी चाहिए।

इस प्रकार इन सावधानियों को बरतने से पदार्थ की ठीक विशिष्ट ऊष्मा निकाली जा सकती है।

4·3 पानी की उच्चतम विशिष्ट ऊष्मा:

जैसा कि आपने पढ़ा कि पानी की विशिष्ट ऊष्मा एक है व यह सब पदार्थों की विशिष्ट ऊष्मा से अधिक है। हमारे जीवन में पानी की उच्चतम विशिष्ट ऊष्मा के निम्नलिखित उपयोग हैं:

1· पानी की उच्चतम विशिष्ट ऊष्मा होने के कारण यह धीरे धीरे गर्म होता है या धीरे धीरे ठण्डा। समुद्र के किनारे के स्थानों में जलवायु न ही गर्म होता है न ही ठण्डा। दिन के समय भूमि जल्दी गर्म हो जाती है पर समुद्र का पानी धीरे धीरे गर्म होता है। इसलिए ठण्डी हवाएं समुद्र से भूमि की ओर चलती हैं। इन्हें समुद्री पवनें कहते हैं। रात को भूमि जल्दी ठण्डी हो जाती है इसलिए ठण्डी हवाएं भूमि से समुद्र की ओर चलती है। इन्हें स्थलीय पवनें कहते हैं। इस कारण बम्बई तथा कराची आदि स्थानों में जलवायु सारा साल एक सा रहता है।

2· पानी जल्दी ठण्डा नहीं होता इसलिए सर्दियों में सेंकने के लिए इसे रबड़ की बोतलों में तथा कमरों को गर्म करने के काम लाया जाता है।

3· पानी देर से गर्म होता है इसलिए मोटरकार बस या अन्य मशीनों के इंजनों को ठण्डा करने के लिए पानी प्रयोग में लाया जाता है।

5· आत्म मूल्यांकन:

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 121 से 123 तक तथा प्रस्तावित पाठ्न सामग्री पढ़ ली। यह आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने पाठ्न सामग्री याद कर ली होगी। अब हम यह जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में लिखे गए हैं प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्ममूल्यांकन के प्रश्नों को पढ़िए तथा उत्तर दीजिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हैं तो उसी प्रश्न से सम्बन्धित पाठ्न सामग्री को

पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्य सामग्री से पढ़िए। अपने ट्यूटर की इसमें सहायता लिजिए।

प्र0-1 द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए प्रयोग का विवरण दो

प्र0-2 ठोसों या द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालते समय आप कौन सी सावधानियाँ बरतेंगे, लिखिए।

प्र0-3 पानी की उच्चतम विशिष्ट ऊष्मा के हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोग हैं लिखिए।

PERSONALIZED SYSTEM OF INSTRUCTION

STUDY GUIDE

HEAT

UNIT No. 8

Supervisor :
Dr. Lokesh Koul
Prof., Head & Dean

Prepared by :
Romesh Chand
Research Scholar

Department of Education
HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY
SHIMLA

इकाई - 8

1. भूमिका:

आपने पिछली इकाइयों में ऊष्माधारिता, जलतुल्यांक तथा विशिष्ट ऊष्मा के बारे में पढ़ा। ऊष्माधारिता ऊष्मा की वह मात्रा है जो वस्तु का तापमान 1^0C तक बढ़ाने के लिए आवश्यक है। जलतुल्यांक पानी की वह संहति है जो उतनी ही ऊष्मा उत्सर्जित या अवशोषित करती हैजितना कि वस्तु उसी तापमान तक गर्म या ठण्डा करने पर उत्सर्जित या अवशोषित करती है। विशिष्ट ऊष्मा कैलोरियों में ऊष्मा की वह मात्रा है जो 1 ग्राम वस्तु का तापमान 1^0C तक बढ़ाने में आवश्यक होती है। ठोसों व द्रवों की विशिष्ट ऊष्मा निकालने के लिए प्रयोग के बारे में भी आपने पढ़ा। इस इकाई में हम भिन्न भिन्न संख्यात्मक समस्याओं से देखेंगे कि वस्तु की ऊष्माधारिता, जलतुल्यांक तथा विशिष्ट ऊष्मा कैसे निकाली जाती है व जब एक गर्म द्रव को ठण्डे [illegible] द्रव में मिलाया जाता है तो मिश्रण का तापमान कितना होता है?

2. उद्देश्य:

इस इकाई को पढ़ने के पश्चात आप निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने में सफल होंगे:

1. एक कैलोरीमीटर का तापमान एक अंश से दूसरे अंश तक बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा निकाल सकोगे जब कि कैलोरीमीटर की ऊष्माधारिता दी हो।

2. जब किसी एक तापमान पर दी हुई पानी की मात्रा दूसरे किसी तापमान पर दी हुई पानी की मात्रा में मिलाई जाती है तो मिश्रण का तापमान ज्ञात कर सकोगे।

3. कैलोरीमीटर की ऊष्मा धारिता तथा जलतुल्यांक निकाल सकोगे जब उसका भार तथा विशिष्ट ऊष्मा दी हो।

5. तांबे की विशिष्ट ऊष्मा निकाल सकोगे जब वह एक तापमान से दूसरे तापमान तक गर्म किया जाता है।

3. उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढंग:

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपको सुझाव दिया जाता है कि आप अपनी "विज्ञान की पुस्तक भाग 1" के पृष्ठ 123 व 124 पर दी हुई समस्याओं को हल करें। हो सकता है इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपको कुछ कठिनाई आए। आपकी इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ और सामग्री प्रस्तावित पाठ्य सामग्री के रूप में दी जा रही है। यह सामग्री इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में आपकी पूरी सहायता करेगी।

4. प्रस्तावित पाठ्य सामग्री:

4.1 ऊष्मा की मात्रा:

एक कैलोरीमीटर का तापमान एक अंश से दूसरे अंश तक वढ़ाने के लिए कितनी ऊष्मा की आवश्यकता पड़ती है जव कि उसकी ऊष्मा धारिता दी हो। आओ इसे हम निम्नलिखित उदाहरणकी सहायता से समझें:

उदाहरण:

एक तांबे के कैलोरीमीटर का भार 60 ग्राम तथा ऊष्माधारिता 60 कैलोरी है। इसका तापमान 50^0C से 55^0C तक वढ़ाने के लिए कितनी ऊष्मा की आवश्यकता पड़ेगी?

हल:

ऊष्मा-धारिता की परिभाषा से:

वस्तु का तापमान 1^0C तक वढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा

= 60 कैलोरी

∴ $(55-50)^0C$ या 5^0C तक वढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा = 60 × 5 = 300 कैलोरी

4.2 मिश्रण का तापमान:

जव द्रव की एक दी हुई मात्रा को किसी तापमान तक गर्म करने के वाद ठण्डे द्रव की दी हुई मात्रा में मिलाया जाता है तो मिश्रण का तापमान कितना हो जाता है? आओ इसे हम निम्नलिखित उदाहरण की सहायता से समझें।

उदाहरण:

0^0C का 100 ग्राम पानी 60^0C के 50 ग्राम पानी में मिलाया गया। मिश्रण का तापमान कितना होगा?

हल:

जैसा कि आप जानते हैं पानी की विशिष्ट ऊष्मा= 1

माना मिश्रण का तापमान = t^0C

ठण्डे पानी के तापमान में वृद्धि = $(t - 0)^0C$

$= t^0C$

गर्म पानी के तापमान में कमी= $(60-t)^0C$

अतः ठण्डे पानी के तापमान में वृद्धि हुई

∴ ठण्डे पानी की ऊष्मा में लाभ = m.s. t.

$= 100 \times 1 \times t$

$= 100t.$

गर्म पानी के तापमान में कमी हुई

∴ गर्म पानी की ऊष्मा में हानि = m.s.t.

$= 50 \times 1 \times (60-t)$

$= 50(60-t)$

परन्तु ऊष्मामिति के सिद्धान्त से:

ऊष्मा लाभ = ऊष्मा हानि

∴ $100t = 50(60-t)$

या $100^t = 3000 - 50^t$

$150t = 3000$

$t = 3000/150 = 20$

अतः मिश्रण का तापमान 20^0_C होगा।

4·3 ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक की गणना

जब एक वस्तु की संहति तथा विशिष्ट ऊष्मा दी हो तो वस्तु की ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक निकाल सकते हैं। आओ इसे हम निम्नलिखित उदाहरण से समझें:

उदाहरण

एक धातु के टुकड़े का भार 70 ग्राम है। धातु की विशिष्ट ऊष्मा 0·115 है इसकी ऊष्मा धारिता तथा जलतुल्यांक निकालो।

हल: ऊष्माधारिता = वस्तु की संहति × विशिष्ट ऊष्मा
(ऊष्मा की इकाईयाँ कैलोरी या वी टी यू)

= 70 × 0·0115
= ·805 कैलोरी

इस प्रकार जलतुल्यांक = वस्तु की संहति × विशिष्ट ऊष्मा
(संहति की इकाईयाँ ग्राम या पौंड)

= 70 × 0·115
= ·805 ग्राम

इस प्रकार धातु की ऊष्माधारिता .805 कैलोरी तथा जलतुल्यांक ·805 ग्राम होगा।

4·4 विशिष्ट ऊष्मा की गणना:

जब किसी धातु की दी हुई मात्रा को एक तापमान से दूसरे तापमान तक गर्म करने के लिए आवश्यक ऊष्मा की मात्रा का पता हो तो हम उस धातु की विशिष्ट ऊष्मा निकाल सकते हैं। आओ हम इसे निम्नलिखित उदाहरण की सहायता से समझें।

उदाहरण: 150 ग्राम ताँबे को $50^{\circ}C$ से $70^{\circ}C$ तक गर्म करने के लिए 270 कैलोरी ऊष्मा देनी पड़ी। उसकी विशिष्ट ऊष्मा कितनी होगी?

हल:

तांबे की संहति = 150 ग्राम

तांबे के तापमान में वृद्धि = $(70-50)^{0}C = 20^{0}C$

जितनी ऊष्मा देनी पड़ी = 270 कैलोरी

क्योंकि $Q = m.s.t.$

$\therefore \quad 270 = 150 \times s \times 20$

या $s = \frac{270}{150 \times 20}$

$= 0.09$

अतः तांबे की विशिष्ट ऊष्मा 0.09 होगी।

5. आत्म मूल्यांकन

आपने अपनी पुस्तक के पृष्ठ 123 व 124 पर दिए हुए उदाहरण तथा प्रस्तावित पाठ्य सामग्री में दिए हुए उदाहरण पढ़ लिए। आशा की जाती है कि उद्देश्यों के प्रकाश में आपने समस्याएं समझ ली होंगी। अब हम जानना चाहते हैं कि वे सभी उद्देश्य जो शुरू में दिए गए हैं प्राप्त कर लिए गए हैं या नहीं। आप इस आत्म मूल्यांकन में दी हुई समस्याओं को पढ़िए तथा हल करिए। अगर आपको लगता है कि आप किसी समस्या को हल करने में असमर्थ हैं तो उसी समस्या से सम्बन्धित उदाहरण को पुस्तक तथा प्रस्तावित पाठ्य सामग्री से पढ़िए व इसे दोबारा समझने में ट्यूटर की सहायता लीजिए।

समस्या 1:

एक कैलोरीमीटर का भार 75 ग्राम तथा ऊष्माधारिता 75 कैलोरी है। इसका तापमान $20^{0}C$ से $21^{0}C$ तक बढ़ाने के लिए कितनी ऊष्मा की आवश्यकता पड़ेगी।

समस्या 2:

$70^{0}F$ वाला 100 पौंड पानी, $25^{0}F$ वाले 200 पौंड पानी के साथ मिलाया जाता है। मिश्रण के अन्तिम तापमान की गणना करो।

समस्या 3:

एक द्रव का भार 100 ग्राम है इसकी विशिष्ट ऊष्मा 0·47 है। द्रव की ऊष्माधारिता तथा जलतुल्यांक निकालो।

समस्या 4:

50 ग्राम चाँदी को 20°C से 30°C तक गर्म करने के लिए 280 कैलोरी ऊष्मा देनी पड़ी। चाँदी की विशिष्ट ऊष्मा कितनी होगी?

APPENDIX - B-1

निष्पत्ति परीक्षण (विज्ञान)

ईकाई - 1

छात्र का नाम.................... रोल नं0..............

ग्रुप:.................. दिनांक..............

भाग - क

निर्देश: नीचे प्रत्येक समस्या के चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं। इनमें से जो उत्तर आपको सबसे उपयुक्त लगता है उसके सामने ठीक का चिन्ह (✓) लगाएं।

1. निम्नलिखित में ऊष्मा की कौन सी परिभाषा है:-

क. वह भौतिक साधन, जिसके द्वारा हमें गर्मी तथा ठण्डक का अनुभव होता है ----------

ख. वह भौतिक साधन, जिसके द्वारा हमें केवल गर्मी का अनुभव होता है ----------

ग. वह भौतिक साधन, जिसके द्वारा हमें केवल ठण्ड का अनुभव होता है ----------

घ. वह रासायनिक साधन, जिसके द्वारा हमें गर्मी तथा ठण्डक का अनुभव होता है ----------

2. अणु सिद्धान्त के अनुसार, ऊष्मा अणुओं की:-

क. गतिज ऊर्जा है ----------

ख. स्थितिज ऊर्जा है ----------

ग. गतिज तथा स्थितिज ऊर्जा है ----------

घ. यान्त्रिक ऊर्जा है ----------

3. निम्नलिखित में ऊष्मा के बारे में कौन सा कथन सही है?

क. ऊष्मा एक ठोस पदार्थ है ----------

ख. ऊष्मा एक तरल पदार्थ है ----------

ग. ऊष्मा एक शक्ति है ----------

घ. ऊष्मा एक गैस है ----------

4. निम्नलिखित में कौन ऊष्मा के स्त्रोत नहीं हैं:-

क. सूर्य तथा पृथ्वी का भीतरी भाग ----------

ख. घर्षण, विद्युत तथा ईंधन ----------

ग. रासायनिक क्रिया, दशा परिवर्तन व परमाणु विच्छेदन ----------

घ. चांद, तारे व ग्रह ----------

ऊष्मा का सबसे बड़ा तथा प्राकृतिक स्त्रोत कौन सा है:-

क• पृथ्वी का भीतरी भाग ----------
ख• सूर्य ----------
ग• ईंधन ----------
घ• चांद ----------

वस्तुओं का उत्पन्न होना, पकना, वर्षा बरसना तथा हवाएं वगैरह चलना, निम्नलिखित की ऊष्मा के कारण होता है:-

क• पृथ्वी के भीतरी भाग ----------
ख• ईंधन ----------
ग• सूर्य ----------
घ• चांद ----------

हिमाचल में कई जगह जैसे शिमला तथा कुल्लु आदि की घाटियों में गर्म पानी के चश्मे पाए जाते हैं। यह निम्नलिखित की ऊष्मा के कारण हैं:-

क• सूर्य की ऊष्मा ----------
ख• भूमि की भीतरी ऊष्मा ----------
ग• सूर्य के बहुत नजदीक होने के कारण ज्यादा ऊष्मा
मिलती है ----------
घ• इन स्थानों में जमीन के अन्दर काफी मात्रा में
कोयला है जो कि पानी को उबालता रहता है ----------

जब दो पदार्थों को आपस में मिलाया जाए, तो निम्नलिखित क्रिया होने से ऊष्मा उत्पन्न होती है:-

क• भौतिक क्रिया ----------
ख• रासायनिक क्रिया ----------
ग• बिना कोई क्रिया के ----------
घ• भौतिक तथा रासायनिक क्रिया ----------

निम्नलिखित में ऊष्मा के कौन से प्रभाव नहीं हैं:-

क• ताप बढ़ना, अवस्था परिवर्तन व रासायनिक क्रिया ----------
ख• आयतन व भौतिक गुणों में परिवर्तन ----------
ग• प्रकाश व ध्वनि उत्पन्न होना तथा यान्त्रिक कार्य
होना ----------
घ• भार, संहति व घनत्व में वृद्धि ----------

10. जब किसी ठोस, द्रव या गैस को गर्म किया जाता है तो ऊष्मा के कारण वस्तु का:-

- क. भार बढ़ जाता है ----------
- ख. भार घट जाता है ----------
- ग. आयतन बढ़ जाता है ----------
- घ. आयतन एक सा रहता है ----------

11. जब किसी प्लाटीनम की तार को गर्म करते जाएं तो वह ऊष्मा के कारण:-

- क. जल कर राख हो जाती है ----------
- ख. पहले जैसी रहती है -----
- ग. पहले लाल हो जाती है फिर सफेद होकर प्रकाश देने लगती है ----------
- घ. एक दम सफेद होकर प्रकाश देने लगती है ----------

12. निम्नलिखित में तापक्रम की कौन सी परिभाषा सही है:-

- क. तापक्रम वह शक्ति है, जिससे हमें ठण्डक या गरमाई अनुभव होता है ----------
- ख. किसी वस्तु की गर्मी या ठण्डक के माप को तापक्रम कहते हैं ----------
- ग. किसी वस्तु के भार मापने की ईकाई को तापक्रम कहते हैं ----------
- घ. किसी वस्तु के आयतन मापने की ईकाई को तापक्रम कहते हैं ----------

भाग - ख

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर केवल हां या नहीं में दीजिए। अगर आपका उत्तर हां में है तो "हां" के ऊपर निशान (✓) लगाए और अगर नहीं में हो तो नहीं के ऊपर (✓) लगाएं।

3. जब वस्तुओं को गर्म किया जाता है उनके भौतिक गुणों में कोई अन्तर नहीं पड़ता है हां/नहीं

4. किसी वस्तु की अवस्था बदलने से ऊष्मा उत्पन्न होती है। हां/नहीं

5. ईंधन वे पदार्थ हैं जो आक्सीजन के साथ मिलकर ऊष्मा पैदा करते हैं हां/नहीं

APPENDIX B-2

निष्पत्ति परीक्षण (विज्ञान)
(समानान्तर प्रारूप)

इकाई I

छात्र का नाम.................... रोल नं0...............

ग्रुप............... दिनांक...............

भाग क

निर्देश: नीचे प्रत्येक अवस्था के चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं इनमें से जो उत्तर आपको सबसे उपयुक्त लगता है उसके सामने ठीक का चिन्ह (✓) लगाएं।

1· निम्नलिखित में ऊष्मा की परिभाषा के बारे में कौन सा कथन सही है:-

- क· ऊष्मा ऐसा भौतिक साधन है जिससे हमें गर्मी तथा ठण्डक का अनुभव होता है ----------
- ख· ऊष्मा ऐसा भौतिक साधन है जिससे हमें गर्मी का अनुभव होता है ----------
- ग· ऊष्मा ऐसा भौतिक साधन है जिससे हमें केवल ठण्ड का अनुभव होता है ----------
- घ· ऊष्मा ऐसा रासायनिक साधन है जिससे हमें गर्मी तथा ठण्डक का अनुभव होता है ----------

2· अणु सिद्धान्त के अनुसार, ऊष्मा को अणुओं की कौन सी ऊर्जा मानते हैं ?

- क· स्थितिज ----------
- ख· गतिज ----------
- ग· स्थितिज तथा गतिज ----------
- घ· यान्त्रिक ----------

3· आधुनिक खोजों के अनुसार ऊष्मा एक:-

- क· तरल पदार्थ है ----------
- ख· ठोस पदार्थ है ----------
- ग· गैस है ----------
- घ· शक्ति है ----------

निम्नलिखित में कौन सा समूह ऊष्मा के स्त्रोतों का नहीं है:-

क॰ सूर्य, विद्युत तथा घर्षण ----------

ख॰ ईंधन तथा पृथ्वी का भीतरी भाग ----------

ग॰ चांद ग्रह व आकाश गंगा ----------

घ॰ परमाणु विछेदन, रासायनिक क्रिया व दशा परिवर्तन ----------

ऊष्मा का सबसे बड़ा तथा प्राकृतिक स्त्रोत कौन सा है?

क॰ लकड़ी ----------

ख॰ पत्थर का कोयला ----------

ग॰ सूर्य ----------

घ॰ बिजली घर ----------

वस्तुओं का उत्पन्न होना, पकना, बर्फ बनना व हवाएं वगैरह चलना, निम्नलिखित की ऊष्मा के कारण होता है:-

क॰ ग्रह ---

ख॰ भूमि का भीतरी भाग ----------

ग॰ चांद ----------

घ॰ सूर्य ----------

हिमाचल प्रदेश की शिमला तथा कुल्लु आदि की घाटियों में गर्म पानी के चश्मे निम्नलिखित की ऊष्मा के कारण हैं:-

क॰ ये घाटियां भूमध्य रेखा के नजदीक हैं ----------

ख॰ ऊंचाई पर होने के कारण सूर्य बहुत नजदीक है ----------

ग॰ भूमि के भीतरी भाग की गर्मी के कारण ----------

घ॰ ऊपरलिखित कोई भी नहीं ----------

जब दो पदार्थों को आपस में मिलाया जाए, तो निम्नलिखित में से किस क्रिया के होने से ही ऊष्मा उत्पन्न होती है:-

क॰ भौतिक क्रिया ----------

ख॰ रासायनिक क्रिया ----------

ग॰ भौतिक तथा रासायनिक ----------

घ॰ बिना किसी क्रिया के ----------

निम्नलिखित समूहों में कौन सा समूह ऊष्मा के प्रभावों को प्रदर्शित नहीं करता है:-

क• आयतन व भौतिक गुणों में परिवर्तन ----------
ख• तापमान बढ़ना, अवस्था परिवर्तन रासायनिक क्रिया ----------
ग• भार तथा संहति में कमी ----------
घ• प्रकाश व ध्वनि उत्पन्न होना तथा यान्त्रिक कार्य ----------

जब किसी पदार्थ को गर्म किया जाए तो ऊष्मा के कारण पदार्थ का:-

क• भार बढ़ जाता है ----------
ख• आयतन बढ़ जाता है ----------
ग• आयतन कम हो जाता है ----------
घ• भार घट जाता है ----------

जब किसी प्लाटीनम की तार को गर्म करते जाएं, करते जाएं तो वह:-

क• पहले लाल हो जाती है फिर सफेद होकर प्रकाश
देने लगती है ----------
ख• एकदम सफेद होकर प्रकाश देने लगती है -----
ग•. जल कर राख हो जाती है ----------
घ• पिघल जाती है ----------

निम्नलिखित में तापक्रम की कौन सी परिभाषा सही है:-

क• तापक्रम ऐसी शक्ति है जो हमें गर्मी या ठण्डक का
अनुभव कराती है ----------
ख• किसी वस्तु के घनत्व मापने की ईकाई को तापक्रम
कहते हैं ----------
ग• किसी वस्तु के गर्मी या ठण्डक के माप को तापक्रम
कहते हैं ----------
घ• किसी. वस्तु की संहति के माप को तापक्रम कहते हैं ----------

उन पदार्थों को क्या कहते हैं जो आक्सीजन के साथ मिलकर ऊष्मा पैदा करते हैं?

क• रेडियम ----------
ख• हाइड्रोजन ----------
ग• ईंधन ----------
घ• उपरलिखित कोई भी नहीं ----------

जब नमक के टुकड़ों को परखनली में गर्म किया जाता है तो वे निम्नलिखित के प्रभाव के कारण कड़क की आवाज देते हैं:-

क. ताप ----------
ख. ऊष्मा ----------
ग. कड़कड़ाना उनका स्वभाव है ----------
घ. उनकी संरचना के प्रभाव /----------

भाग ख

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर केवल हाँ या नहीं में दीजिए। अगर आपका उत्तर "हाँ" है तो हाँ के ऊपर निशान (✓) लगाएं और अगर नहीं में है तो "नहीं" के ऊपर निशान (✓) लगाएं।

5. अवस्था परिवर्तन से ऊष्मा उत्पन्न होती है। हाँ/नहीं
6. वस्तुओं को गर्म करने से उनके भौतिक गुणों में कोई अन्तर नहीं पड़ता है। हाँ/नहीं
7. केवल वही तारें जो विद्युत धारा के प्रवाह में रोध उत्पन्न करें, विद्युत धारा गुजारने पर ऊष्मा देती हैं। हाँ/नहीं

भाग ग

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-

18. घर्षण से ....पैदा होने के कारण सर्दियों में हाथ रगड़ने से गर्म हो जाते हैं।

19. पानी की भाप बनाकर रेल इंजन चलाए जाते हैं जिससे ये सिद्ध होता है कि ऊष्मा द्वारा.................. कार्य होता है।

भाग घ

निर्देश: प्रश्न 20-22 तक निम्नलिखित पर आधारित हैं इनका उत्तर संक्षिप्त में दीजिए:-

दो बर्तन क तथा ख एक ' द्वारा आपस में मिलाए गए हैं बर्तन क में 100° वाला 200 ग्राम पानी डाला गया तथा बर्तन ख में 20° C वाला 200 ग्राम पानी डाला गया

20. तापक्रम का संचारण किस दिशा में होगा?

21. ताप का संचारण कब तक होता रहेगा?

22. इस प्रयोग से क्या सिद्ध होता है ?

निष्पत्ति परीक्षण (विज्ञान)

ईकाई - 2

नाम.................   रोल नं0 ....

....   दिनांक:.............

भाग-क

नीचे प्रत्येक समस्या के चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं इनमें से जो उत्तर आपको सबसे उपयुक्त लगता है उसके सामने ठीक का चिन्ह (✓) लगाएं।

निम्नलिखित में तापमान की कौन सी सही परिभाषा है:-

क. किसी वस्तु की संहति के माप को तापमान कहते हैं ---------

ख. किसी वस्तु के ठण्डक या गर्मी के दर्जे को तापमान कहते हैं ---------

ग. किसी वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा की ईकाई को तापमान कहते हैं ---------

घ. किसी वस्तु की ऊष्माधारिता की ईकाई को तापमान कहते हैं ---------

ऊष्मा तथा तापमान में निम्नलिखित में से कौन सी भिन्नता नहीं है:-

क. ऊष्मा ऊर्जा का रूप है जबकि तापमान किसी वस्तु या उसमें ऊष्मा की गति की अवस्था बताता है ---------

ख. ऊष्मा वस्तु की संहति ताप तथा प्रकृति पर निर्भर है जबकि तापमान इन पर निर्भर नहीं है ---------

ग. ऊष्मा को ग्रामों में तथा तापमान को अंशों में मापा जाता है ---------

घ. ऊष्मा से तापमान बढ़ता है जबकि तापमान ऊष्मा का प्रभाव है ---------

किसी वस्तु के ठंडक या गर्मी के दर्जे को मापने के लिए किस यन्त्र का प्रयोग करते हैं?

क. बैरोमीटर ---------

ख. थर्मामीटर ---------

ग. कैलोरीमीटर ---------

घ. स्फेरोमीटर ---------

निम्नलिखित में थर्मामीटर के बारे में कौन सा कथन सही है:-

क॰ एक ऐसा यन्त्र, जिससे वस्तु की ऊष्मा मापी जाती है ------------
ख॰ एक ऐसा यन्त्र, जिससे वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा मापी जाती है ------------
ग॰ एक ऐसा यन्त्र, जिससे वस्तु का तापमान मापा जाता है ------------
घ॰ एक ऐसा यन्त्र, जिससे वस्तु की ऊष्माधारिता मापी जाती है ------------

निम्नलिखित में कौन सा यन्त्र तापमान देखने के काम नहीं आता है:-

क॰ एल्कोहल थर्मामीटर ------------
ख॰ पारा थर्मामीटर ------------
ग॰ विद्युत थर्मामीटर ------------
घ॰ लैक्टोमीटर ------------

निम्नलिखित में कौन से तरल हैं जिनका थर्मामीटरों में प्रयोग होता है:-

क॰ पानी व तेल ------------
ख॰ पानी व दूध ------------
ग॰ पारा व एल्कोहल ------------
घ॰ ऊपरलिखित कोई भी नहीं ------------

थर्मामीटर निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर बने हैं:-

क॰ द्रवों पर ऊष्मा का कोई प्रभाव नहीं होता ------------
ख॰ द्रव ऊष्मा से फैलते हैं ------------
ग॰ द्रव ऊष्मा से गैस में बदल जाते हैं ------------
घ॰ द्रव ऊष्मा से अपना रूप बदल लेते हैं ------------

वे थर्मामीटर जिनमें पारे का प्रयोग किया जाता है:-

क॰ मरकरी थर्मामीटर कहलाते हैं ------------
ख॰ एल्कोहल थर्मामीटर कहलाते हैं ------------
ग॰ लैक्टोमीटर कहलाते हैं ------------
घ॰ बैरोमीटर कहलाते हैं ------------

पारा थर्मामीटरों में इसलिए प्रयोग करते हैं क्योंकि वह:-

क॰ ऊष्मा का कुचालक है ------------
ख॰ ऊष्मा का अच्छा सुचालक है ------------

ग• ऊष्मा के प्रति उदासीन है ------------

घ• ऊष्मा का मध्यम दर्जे का सुचालक है ------------

10• पारे के हिमांक तथा क्वथनांक निम्नलिखित में से कौन से हैं :-

क• 0^{0}c तथा 100^{0}c ------------

ख• -39^{0}c तथा 357^{0}c ------------

ग• -112^{0}c तथा 78^{0}c ------------

घ• -30^{0}c तथा 360^{0}c ------------

11• हम थर्मामीटरों में पारा इसलिए प्रयोग करते हैं क्योंकि पारे का:-

क• प्रसार सामान्य तथा एक समान है ------------

ख• प्रसार असामान्य तथा असमान है ------------

ग• प्रसार सामान्य तथा असमान है ------------

घ• प्रसार असामान्य तथा एक समान है ------------

12• -39^{0}c से कम तापमान देखना हो तो थर्मामीटरों में कौन सा द्रव प्रयोग करना चाहिए:-

क• पारा ------------

ख• एल्कोहल ------------

ग• ग्लिसरीन ------------

घ• तेल ------------

13• एल्कोहल को थोड़ा सा गर्म करने से ही वाष्प बनना आरम्भ हो जाते हैं इसलिए हम इससे ज्यादा से ज्यादा ताप कहां तक देख सकते हैं:-

क• 78^{0}c ------------

ख• 100^{0}c ------------

ग• 357^{0}c ------------

घ• 80^{0}c ------------

14• एल्कोहल का संचार पारे की अपेक्षा कैसा है:-

क• अधिक ------------

ख• कम ------------

ग• बराबर ------------

घ• ऊपरलिखित कोई भी नहीं ------------

15. अगर पानी को थर्मामीटरों में प्रयोग किया जाए तो कहां से कहां तक तापमान देख सकते हैं:-

क. $0^{0}c$ से $80^{0}c$ तक ------------

ख. $0^{0}c$ से $100^{0}c$ तक ------------

ग. $-39^{0}c$ से $357^{0}c$ तक ------------

घ. $-112^{0}c$ से $78^{0}c$ तक ------------

भाग ख

निर्देश: निम्नलिखित कथनों का उत्तर हां या नहीं में दीजिए:-
अगर आपका उत्तर हां में हो तो "हां" के ऊपर निशान |✓| लगाएं
और अगर नहीं में हो तो नहीं के ऊपर |✓| लगाएं

16. पारा शुद्ध अवस्था में आसानी से मिल जाता है इसलिए थर्मामीटरों में इसका प्रयोग करते हैं। हां/नहीं

17. पारे के थोड़ी सी ऊष्मा लेकर शीघ्रता से फैलने के कारण इसका थर्मामीटरों में प्रयोग करते हैं हां/नहीं

18. पारा थर्मामीटर की दिवारों को गीला कर देता है हां/नहीं

19. पारे के चमकीले होते हुए भी पारदर्शक होने के कारण इसका तल आसानी से नहीं पढ़ा जा सकता है हां/नहीं

20. एल्कोहल के आयतन को बढ़ाने के लिए पारे की आपेक्षा कम ऊष्मा की आवश्यकता होती है। हां/नहीं

21. एल्कोहल एक गाढ़ा द्रव है जो केशिका नली में आसानी से ऊपर नीचे नहीं जा सकता है। हां/नहीं

22. एल्कोहल थर्मामीटर की दिवारों को गीला कर देता है हां/नहीं

23. पानी, जो सभी जगह आसानी से तथा शुद्ध अवस्था में मिल जाता है, को हम थर्मामीटरों में प्रयोग कर सकते हैं हां/नहीं

भाग ग

निर्देश: निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति करो:-

24. एल्कोहल का क्वथनांक...........°C तथा हिमांक ....°C है।

25. पारे का हिमांक..............°C तथा क्वथनांक.........°C है।

26. पानी को थर्मामीटरों में भरने से हम.........°C से नीचे तापक्रम नहीं देख सकते हैं।

27. पानी के.................होने के कारण इसके तल को नली में आसानी से नहीं पढ़ा जा सकता है।

28. पानी का प्रसार.............है तथा............नहीं है।

29. एल्कोहल पारे की आपेक्षा ऊष्मा के प्रति बहुत........... है।

भाग घ

30. थर्मामीटरों के प्रकारों के नाम लिखिए:-

क. ....

ख. ....

ग. ....

घ. ....

ङ. ....

च. ....

APPENDIX B-4

निष्पत्ति परीक्षण (विज्ञान)

(समानान्तर प्रारूप)

ईकाई- 2

T नाम...................... रौल नं0...........

.... दिनांक............

भाग क

नीचे प्रत्येक समस्या के चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं। इनमें से जो उत्तर आपको सबसे उपयुक्त लगता है केवल उसके सामने ठीक का चिन्ह (✓) लगाएं।

निम्नलिखित में तापमान किसे कहते हैं?

क. वस्तु की संहति को ----------
ख. वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा की ईकाई के माप को ----------
ग. वस्तु की ठण्डक या गर्मी के दर्जे को ----------
घ. वस्तु की ऊष्माधारिता की ईकाई को ----------

ऊष्मा तथा तापमान का अन्तर दिखाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है:-

क. ऊष्मा ऊर्जा का रूप है जबकि तापमान वस्तु में ऊष्मा की गति की अवस्था बताता है ----------
ख. ऊष्मा से तापमान बढ़ता है जबकि तापमान ऊष्मा का प्रभाव है ----------
ग. ऊष्मा को कैलोरी तथा तापमान को डिग्रियों में मापते हैं ----------
घ. ऊष्मा वस्तु की संहति ताप तथा प्रकृति पर निर्भर नहीं है जवकि तापमान इन पर निर्भर है। ----------

निम्नलिखित में कौन सा यन्त्र किसी वस्तु के तापमान को मापने के काम आता है:-

क. कैलोरीमीटर ----------
ख. हिप्सोमीटर ----------
ग. थर्मामीटर ----------
घ. वैरोमीटर ----------

थर्मामीटर क्या है ?

क• ऐसा यन्त्र जिससे वस्तु की ऊष्मा मात्रा मापी जाए ----------
ख• ऐसा यन्त्र जिससे वस्तु की विशिष्ट ऊष्मा मापी जाए----------
ग• ऐसा यन्त्र जिससे वस्तु की ऊष्मा धारिता मापी जाए----------
घ• ऐसा यन्त्र जिससे वस्तु का तापमान मापा जाए -----------

निम्नलिखित में कौन सा ऐसा यन्त्र है जिससे हम वस्तु का तापमान नहीं देख सकते हैं:-

क• विद्युत थर्मामीटर ----------
ख• एल्कोहल थर्मामीटर ----------
ग• लैक्टोमीटर ----------
घ• मरकरी थर्मामीटर ----------

थर्मामीटरों में निम्नलिखित में से कौन सा/से द्रव प्रयोग नहीं किए जाते है/हैं:-

क• एल्कोहल ----------
ख• पारा ----------
ग• पानी ----------

घ• उपरलिखित सभी ----------

थर्मामीटर किस सिद्धान्त पर बनाए जाते हैं:-

क• द्रवों पर ऊष्मा का कोई प्रभाव नहीं होता ----------
ख• द्रव ऊष्मा से फैलते हैं ----------
ग• द्रव ऊष्मा से अपना रूप बदल लेते है ----------
घ• द्रव ऊष्मा से गैस में बदल जाते हैं ----------

वह थर्मामीटर, जिसमें पारे का प्रयोग करें उसे कहेंगे ? :-

क• मरकरी थर्मामीटर ----------
ख• एल्कोहल थर्मामीटर ----------
ग• वैरोमीटर ----------

घ. लैक्टोमीटर ----------

9• पारे के निम्नलिखित में से किस गुण के कारण अधिकतर थर्मामीटरों में प्रयोग करते हैं:-

क• ऊष्मा का कुचालक है ----------
ख• ऊष्मा का बहुत अच्छा सुचालक है ----------
ग• ऊष्मा के प्रति उदासीन है ----------
घ• ऊष्मा मिलने से ज्यादा चमकने लगता है ----------

10• पारा थर्मामीटर से किसी डिग्री से किस डिग्री तक तापमान देखा जा सकता है:-

क• 0^0C से $100^0 C$ तक ----------
ख• $-112^0 C$ से $78^0 C$ तक ----------
ग• $-39^0 C$ से $357^0 C$ तक ----------
घ• $-30^0 C$ से $337^0 C$ तक ----------

11• थर्मामीटरों में कौन सा द्रव प्रयोग करना चाहिए जिसका कि प्रसार सामान्य तथा एक समान हो:-

क• पानी ----------
ख• पारा ----------
ग• एल्कोहल ----------
घ• दूध ----------

12• -112^0C तक तापक्रम देखने के लिए हमें किस द्रव का तापमापी में प्रयोग करना चाहिए:-

क• पारा ----------
ख• एल्कोहल ----------
ग• गलिसरीन ----------
घ• तेल ----------

13• एल्कोहल थर्मामीटरों से अधिक से अधिक ताप कहाँ तक देख सकते हैं ?

क• $357^0 C$ तक ----------
ख• $100^0 C$ तक ----------
ग• $78^0 C$ तक ----------
घ• $80^0 C$ तक ----------

14. अगर पानी को थर्मामीटरों में प्रयोग करें तो उस थर्मामीटर से कहां से कहां तक ताप देख सकते हैं:-

क. 0^0C से 100^0C तक ---------

ख. 0^0C से 80^0C तक ---------

ग. -39^0C से 357^0C तक ---------

घ. -112^0C से 78^0C तक ---------

भाग ख

निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हां या नहीं में दीजिए। अगर आपका उत्तर हां में हो तो "हां" के ऊपर निशान (✓) लगाएं और अगर नहीं हो तो नहीं के ऊपर निशान (✓) लगाएं।

15. पारे के शुद्ध अवस्था में आसानी से मिल जाने के कारण थर्मामीटरों में प्रयोग करते हैं। हां/नहीं

16. पारा थोड़ी सी ऊष्मा से ही सिकुड़ तथा फैल जाता है हां/नहीं

17. पारा थर्मामीटर की दिवारों से चिपक जाता है हां/नहीं

18. थर्मामीटर पांच प्रकार के होते हैं हां/नहीं

19. पारे के चमकीले तथा पारदर्शक होने के कारण इसका तल आसानी से पढ़ा जा सकता है हां/नहीं

20. एल्कोहल थर्मामीटर की दिवारों को गीला नहीं करता है हां/नहीं

21. पानी ऊष्मा का सुचालक है हां/नहीं

22. पानी की विशिष्ट ऊष्मा अधिक होने के कारण ये थोड़ी सी ऊष्मा से नहीं फैलता है हां/नहीं।

भाग ग

निर्देश: इस भाग में कुछ अपूर्ण कथन दिए गए हैं। इनको उपयुक्त शब्द भर कर पूरा करो।

23. पानी के ....होने के कारण इसका तल आसानी से नली में नहीं पढ़ा जा सकता है।

24. -39^0 C से 357^0C तक पारा.....................अवस्था में रहता है।

25. एल्कोहल को थोड़ा सा गर्म करने से ही उसके..................

बनना शुरू हो जाते हैं।

निष्पत्ति परीक्षण (विज्ञान)
इकाई 3

छात्र का नाम........................ रोल नं..............

ग्रुप.................... दिनांक..............

भाग क

निर्देश: नीचे प्रत्येक समस्या के चार सम्भावित उत्तर दिए गए हैं। इनमें से जो उत्तर आपको सबसे उपयुक्त लगता है उसके सामने ठीक का चिन्ह (✓) लगाएं

1. डाक्टर लोग जिस यन्त्र से रोगी का ज्वर देखते हैं उसे क्या कहते हैं:-

क. विद्युत थर्मामीटर ----------
ख. डाक्टरी या क्लीनीकल थर्मामीटर ----------
ग. स्टैथोस्कोप ----------
घ. सिक्स का महत्तम व न्यूनतम थर्मामीटर ----------

2. डाक्टरी थर्मामीटर में निम्न बिन्दु निम्नलिखित में कौन से तापमान पर होता है:-

क. 100° F या 38°C ----------
ख. 105° F या 42°C ----------
ग. 110° F या 43°C ----------
घ. 95°F या 35°C ----------

3. डाक्टरी थर्मामीटर में ज्यादा से ज्यादा तापमान किस तापक्रम तक देख सकते हैं:-

क. 212° F या 100°C ----------
ख. 110° F या 35°C ----------
ग. 105°F या 42°C ----------
घ. 0°F या -273°C ----------

4. एक स्वस्थ व्यक्ति का तापमान क्या होता है:-

क. 97.4° F या 35.5° C ----------
ख. 98.4°F या 37°C ----------

ग· $98^{0}{}_{F}$ या $36{\cdot}5^{0}{}_{C}$ ----------
घ· $99^{0}{}_{F}$ या $37{\cdot}5^{0}{}_{C}$ ----------

डाक्टरी थर्मामीटर के बल्ब में:-

क· एल्कोहल भरा होता है ----------
ख· वायु भरी होती है ----------
ग· पारा भरा होता है ----------
घ· पानी भरा होता है ----------

डाक्टरी थर्मामीटर की नली में बल्ब के ऊपर मोड़ डाला होता है, ताकि:-

क· पारा ऊपर चढ़ कर स्वयं नीचे न उतर सके ----------
ख· पारा स्वयं ऊपर न चढ़ सके ----------
ग· पारा स्वयं नीचे उत्तर जाए ----------
घ· पारे के चढ़ने की गति धीमी हो जाए ----------

डाक्टरी थर्मामीटर प्रयोग करते समय हमें कौन सी बात नहीं करनी चाहिए:-

क· पारे को झटका देकर $95^{0}{}_{F}$ तक उतारना चाहिए ----------
ख· गर्म पानी से धोना चाहिए ताकि रोग संचार न हो----------
ग· थर्मामीटर को लिखित समय तक अवश्य रखना चाहिए --------
घ· थर्मामीटर के बल्ब को जीभ या गाल के नीचे रखना चाहिए ----------

किसी निश्चित समय में उच्चतम तथा न्यूनतम तापमान मापने के लिए निम्नलिखित यन्त्र का प्रयोग करते हैं:-

क· जीन राय के द्रव तापदर्शी यन्त्र ----------
ख· बायल के तापदर्शी यन्त्र ----------
ग· गैललियो के वायु तापदर्शी यन्त्र ----------
घ· सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर ----------

सिक्स के महत्तम तथा न्यूनतम थर्मामीटर की भुजाओं में निम्नलिखित में से कौन से द्रव भरे होते हैं:-

क· पारा तथा पानी ----------
ख· पारा तथा तेल ----------
ग· पारा तथा एल्कोहल ----------
घ· तेल तथा पानी ----------

10• सिक्स के थर्मामीटर की दोनों भुजाओं में पारे के उपर दो संकेतक लगे होते हैं जो कि:-

क• लोहे के बने होते हैं ---------

ख• स्टील के बने होते हैं ---------

ग• इस्पात के बने होते हैं ---------

घ• चांदी के बने होते हैं ---------

भाग - ख

निर्देश: निम्नलिखित कथनों के उत्तर केवल हां या नहीं में दीजिए।
अगर आपका उत्तर हां में हो तो "हां" के उपर निशान ﴾✓﴿ लगाएं और अगर नहीं में हो तो नहीं के उपर निशान ﴾✓﴿ लगाएं।

11• जब किसी व्यक्ति का ताप 95°F से कम तथा 110°F से बढ़ जाता है तो उसकी मृत्यु हो जाती है हां/नहीं

12• डाक्टरी थर्मामीटर को प्रयोग करने के बाद ताजे पानी से धोकर रखना चाहिए हां/नहीं

13• सिक्स के थर्मामीटर में केवल पारा भरा होता है हां/नहीं

14• सिक्स के थर्मामीटर में निर्देशकों के साथ स्पिरिंग लगे होते हैं हां/नहीं

15• निर्देशकों के साथ लगे स्पिरिंग निर्देशकों को चलने में सहायता देते हैं हां/नहीं

भाग ग

16• निम्नलिखित चित्र को ध्यानपूर्वक देखो तथा त्रुटियां दूर करके चित्र पुनः बनाओ ।



17• निम्नलिखित चित्र में नाम दीजिए



क.................

ख.................

ग•.................

घ.................

ङ•.................

भाग ब

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर केवल एक-2 पंक्ति में दीजिए:-

सिक्स के थर्मामीटर में संकेत-कों को किस वस्तु के द्वारा पारे की सतह तक लाया जा सकता हैं?

जब वायुमण्डल का तापमान बढ़ता है तो पारा किस संकेतक को किस ओर धकेलता है?

जब वायुमण्डल का तापमान घटता है तो पारा किस संकेतक को किस तरफ धकेलता है?

संकेतकों के किस सिरे से तापमान नोट करना चाहिए?

